


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 27 सितंबर 2026 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष -42 ■ अंक-179 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 28 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


रायपुर में ट्रिपल मर्डर से सनसनी

## पति ने पत्नी और अपने दो बच्चों की हत्या कर की खुदकुशी की कोशिश



**रायपुर,27 सितंबर।** रायपुर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है । राजधानी के डुमरतराई के साहू पारा में पति ने चरित्र शंका पर धारदार चाकू से अपनी पत्नी के साथ दो नाबालिग बच्चों की हत्या कर दी. घटना को अंजाम देने के बाद युवक ने खुद को चाकू मारकर आत्महत्या करने की कोशिश की। मामला माना थाना क्षेत्र का है, जहां साहू पारा में किराए में निवासरत बालोद के भुनेश्वर साहू ने देर रात विवाद के बाद पहले ने अपनी पत्नी खिलेश्वरी साहू और दो बच्चों – आशीष साहू (10) और ज्ञान साहू (8) पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें तीनों की मौके पर ही मौत हो गई. तीनों की हत्या करने के बाद आरोपी ने खुद पर भी चाकू से वार किया, जिसमें वह घायल हो गया है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. आरोपी को हिरासत में लेकर उसे इलाज के लिए अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज जारी है. वहीं पंचनामा कर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेकाहारा भेजा गया है. इसके साथ ही पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है.



रायपुर. खारून नदी का जल स्तर आज भी कम नहीं हुआ है। पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। इससे रायपुर-अमलेश्वर-पाटन मार्ग बंद है।

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमला: 12 की मौत

**करांची,27 सितंबर।** पाकिस्तान में आत्मघाती हमलावर ने पुलिस चेकपोस्ट को निशाना बनाया, जिसमें दो महिलाओं और दो बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई. जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं. तहरीक-ए-तालिबान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है. यह घटना खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों की सीमा के पास डेरा इस्माइल खान जिले की दराजिंदा तहसील में हुई. पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान में शनिवार को दराजिंदा इलाके के पास एक पुलिस चेकपोस्ट को निशाना बनाकर बम धमाका किया गया. पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान में आत्मघाती धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई. इस हमले में 30 से ज्यादा लोग अन्य घायल हो गए. Dawn की रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर ने विस्फोटक से लदे एक वाहन को अमन मेला चेकपोस्ट की बाहरी दीवार से टकरा दिया. धमाका इतना जबरदस्त था कि चेकपोस्ट मलबे में तब्दील हो गई. मारे गए लोगों में सीमा शुल्क और उत्पाद विभाग के दो अधिकारी भी शामिल थे। घायलों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया. हमले में इस्तेमाल किए गए विस्फोटकों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है. धमाके के बाद घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. एक बयान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP), जिसे पाकिस्तान तालिबान के नाम से भी जाना जाता है, ने इस हमले की ज़िम्मेदारी ली. अफ़गानिस्तान के साथ पाकिस्तान की सीमा के पास खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित डेरा इस्माइल खान में हाल के वर्षों में कई बार मिलिटेंट अटैक्स हुए हैं.



## HC ने पत्नी को खुदकुशी के लिए उकसाने वाले पति को ठहराया दोषी

**बिलासपुर,27 सितंबर.** हाईकोर्ट ने डॉक्टर पति को पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी करार दिया है. कोर्ट ने कहा कि आरोपी पति के अवैध संबंधों और लगातार दी जा रही शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के कारण पत्नी के पास मौत के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा था. मामले में अब सजा तय करने के लिए आरोपी और उसके अधिवक्ता को 26 अक्टूबर को तलब किया गया है. मामले की सुनवाई जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच में हुई. बता दें, कि बिलासपुर की निचली अदालत ने आईपीसी की धारा 498-ए के तहत 3 साल की सजा दी थी, जबकि उकसाने के आरोप से बरी कर दिया था. जिसे मृतका के भाई ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी. डॉक्टर ने भी सजा के खिलाफ अपील की थी. दरअसल, बिलासपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाली रश्मि प्रकाश ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. मृतका के भाई आशीष नाथ ने सिविल लाइन थाने में शिकायत करते हुए आरोप लगाया, कि पति डॉ. संजय प्रकाश के हिंसा और उकसाने से उनकी बहन ने खुदकुशी की. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर की अदालत ने 28 जून 2016 को दिए गए फैसले में आरोपी डॉक्टर को धारा 498-ए (पति या रिश्तेदार द्वारा क्रूरता) के तहत 3 साल की सजा और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा दी थी. लेकिन आत्महत्या के आरोप यानी धारा 306 से बरी कर दिया था. मामले की सुनवाई के हाईकोर्ट ने दौरान मृतका के बेटे रोहित और बेटी तनिष्का समेत माता-पिता के बयान हुआ. बच्चों ने बताया कि उनके पिता डॉ. संजय प्रकाश के क्लीनिक में काम करने वाली एक नर्स के साथ अवैध संबंध थे.



## वायु सेना ने छग में बाढ़ में फँसे 12 नागरिकों का किया रेस्क्यू

**जगदलपुर,27 सितंबर।** इंद्रावती नदी के उत्तरी तट पर डोंगाघाट गाँव के निकट कच्ची झोपड़ियों में 10–12 नागरिकों के फँसे होने की सूचना मिलने पर, भारतीय वायु सेना की मध्य वायु कमान के एक चालक दल ने उनकी तलाश और बचाव के लिए उड़ान भरी। क्षेत्र की गहन तलाशी के बाद चालक दल ने नागरिकों को एक कच्ची झोपड़ी की छत पर पाया। तेज़ बहते बाढ़ के पानी के कारण झोपड़ी के ढहने का खतरा था। उपलब्ध सीमित समय और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए साहसिक बचाव अभियान चलाया गया। एक गरुड़ कमांडो को कमज़ोर छत पर उतारा गया, ताकि वह फँसे हुए लोगों की सहायता कर सके। इसके बाद सभी को मंडराते हेलीकॉप्टर में विन्च कर सुरक्षित निकाला गया। बचाए गए 12 नागरिकों में महिलाएँ और बच्चे भी शामिल हैं।



## मौत के मुंह से बच निकले 70 बस यात्री

रायपुर,27 सितंबर। राजधानी रायपुर के पास सारागांव में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोल्हान नाले के तेज बहाव में जय अंबे की बस फंस गई. रायपुर से बलौदाबाजार जा रही बस में 70 यात्री सवार थे. मार्ग पर पानी के तेज बहाव के कारण सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात थी. बाकी वाहनों की तरह बस को भी आगे जाने से रोका गया, लेकिन चालक ने ब्रेक नहीं लगाया. जानकारी के मुताबिक, विधानसभा थाना क्षेत्र के कोल्हान नाले में पानी के तेज बहाव को देखकर बस में सवार यात्रियों ने चालक को आगे जाने से मना किया. इसके बावजूद वह बस को आगे बढ़ाता गया. आगे से आ रही ट्रकों को रास्ता देने के लिए बस को साइड देना पड़ा. तभी तेज बहाव में बस फंस गई, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया. कुछ लोगों ने घबराकर खिड़की से बाहर कूदने की तैयारी कर ली थी.स्थिति को संभालते हुए पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने बस के पास पहुंचकर लोगों को बाहर निकाले की प्रक्रिया शुरू की. दाई ओर की खिड़की से यात्रियों को बाहर निकाला गया. रेस्क्यू अभियान में ग्रामीणों ने भी पुलिस की मदद की. सभी 70 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया. पुलिस की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया. पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया है. पूछताछ में चालक से पता लगाया जा रहा कि चेतावनी के बावजूद उसने बस को आगे क्यों बढ़ाया. साथ ही बस परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य दस्तावेजों की पड़ताल की गई. सीएसपी विधानसभा वीरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि शनिवार को कोल्हान नाले में पानी का बहाव बढ़ा हुआ था. मौके पर मौजूद टीम वाहनों को आगे जाने से रोक रही थी. इसके बावजूद यात्री बस आगे बढ़ गई. ट्रकों की आवाजाही के दौरान बस को साइड करना पड़ा, जिसके बाद वह पानी के बहाव में फंस गई. पुलिस ने तत्काल यात्रियों को खिड़कियों के रास्ते बाहर निकाला. सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और बस को भी बाहर कर लिया गया. चालक को हिरासत में लिया गया है. मामले में जांच जारी है.



## कांग्रेस नेता कुकरेजा से 25 करोड़ रंगदारी की मांग पूर्व महापौर का भतीजा शोएब ढेबर गिरफ्तार

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर दी गई थी धमकी,एजाज को भी आया था फोन

**रायपुर,27 सितंबर।** रायपुर में कांग्रेस नेता आनंद कुकरेजा को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी देने के मामले में पुलिस की जांच आगे बढ़ गई है। इस मामले में पुलिस ने शनिवार देर रात शोएब ढेबर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। सेंट्रल जोन के एसीपी, तेलीबांधा थाना प्रभारी समेत पुलिस अधिकारियों की टीम उससे पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस की टीम शोएब ढेबर को मेमन समाज के एक कार्यक्रम से देर रात थाने लेकर पहुंची। इसके बाद तेलीबांधा थाना में उससे पूछताछ शुरू की गई। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आनंद कुकरेजा को धमकी देने की पूरी साजिश में शोएब ढेबर की क्या भूमिका रही और इस मामले में उसके संपर्क में कौन-कौन लोग थे।

इस मामले में पुलिस ने इससे पहले जांजगीर-चांपा के एक युवक को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि युवक ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम का इस्तेमाल करते हुए आनंद कुकरेजा को धमकी भरा कॉल किया था। पुलिस की जांच में ब्लैकमेलिंग के लिए धमकी देने की बात सामने आई है। पूछताछ के दौरान पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि धमकी देने के बदले गिरफ्तार युवक को करीब 5 हजार रुपए दिए जाने की बात सामने आई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि युवक को किसने धमकी देने के लिए कहा था और उसे इसके लिए पैसे किस माध्यम से मिले।



गिरफ्तार युवक से पूछताछ के दौरान शोएब ढेबर का नाम सामने आने के बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया। शनिवार देर रात पुलिस टीम ने उसे मेमन समाज के कार्यक्रम से थाने पहुंचाया। पूछताछ में पुलिस धमकी देने की पूरी कड़ी को जोड़ने की कोशिश कर रही है। अधिकारियों का फोकस इस बात पर है कि धमकी देने वाले युवक और शोएब ढेबर के बीच किस तरह का संपर्क था। साथ ही पुलिस यह भी पता कर रही है कि धमकी देने की योजना किसने बनाई थी और इसके पीछे आर्थिक लेनदेन की क्या भूमिका थी।

रायपुर में गैंग के नाम पर धमकी देने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले पूर्व महापौर एजाज ढेबर से भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग और अमन साव गैंग के नाम पर 50 करोड़ रुपए की मांग किए जाने का मामला सामने आया था। इस मामले में एजाज ढेबर की शिकायत पर कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज की गई थी। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आनंद कुकरेजा को दी गई धमकी और एजाज ढेबर से 50 करोड़ रुपए मांगने के मामले के बीच किसी तरह का संबंध है या नहीं।

पुलिस के सामने अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम का इस्तेमाल कर धमकी देने की योजना किसने बनाई। गिरफ्तार युवक की भूमिका सामने आने के बाद जांच का दायरा बढ़ा है। पुलिस कॉल, संपर्क और पैसों के लेनदेन से जुड़े पहलुओं की भी जांच कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, शोएब ढेबर से पूछताछ के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ से जुड़ी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि धमकी की साजिश में किन लोगों की भूमिका थी और इसका मकसद क्या था।

## विसर्जन झांकी के दौरान पुलिस लाठीचार्ज पर बिफरे नेता

नेशनल हाइवे किया जाम, दोषी पुलिस कर्मियों के निलंबन की मांग

**बलौदा बाजार,27 सितंबर।** सिमगा में शनिवार रात गणेश विसर्जन के दौरान निकाली गई झांकी पर कथित तौर पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस, भाजपा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आम नागरिक आज सुबह से नेशनल हाइवे 130 पर चक्काजाम कर दिया है। घटना के विरोध में सिमगा बंद का भी आह्वान किया गया है, जिसका समर्थन करते हुए सुबह से ही नगर के अधिकांश दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी हैं। जय स्तंभ चौक पर चल रहे धरने में कांग्रेस, भाजपा सहित अन्य दलों के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हैं। प्रदर्शनकारी घटना के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगों में भाटापारा एसडीओपी और सिमगा थाना प्रभारी के साथ घटना में शामिल पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित करना शामिल है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब तक संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक धरना जारी रहेगा।



### यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की दावेदारी को रूस का खुला समर्थन

नई दिल्ली,27 सितंबर। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अधिवेशन में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा, सुरक्षा परिषद में किसी भी सुधार में स्थायी सदस्य के किसी भी अधिकार को कम नहीं किया जाना चाहिए. यूएनएससी में भारत को स्थायी सदस्य बनाने के लिए रूस ने मजबूत पैरोकारी की है. संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस मुद्दे पर दूसरे देशों की तरफ से भी अलग-अलग विचार सामने आए हैं. सुरक्षा परिषद में बदलाव को लेकर कई देशों ने ज्यादा प्रतिनिधित्व की जरूरत पर जोर दिया है. भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और विस्तार की मांग लंबे समय से कर रहा है. भारत का कहना है कि यह संस्था मौजूदा भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है.



## महानदी उफान पर; शवरी पुल पर 6 फीट बह रहा पानी

**जांजगीर-चाम्पा,27 सितंबर।** प्रदेश में बीते तीन दिनों तक हुई लगातार बारिश से तमाम नदियां उफान पर है. नगर के शवरी पुल पर 6 फ़ीट ऊपर पानी बह रहा है, जिसकी वजह से जांजगीर का शिवरीनारायण का सम्पर्क टूट गया है.महानदी के तट तोड़कर बहने से नगर के बिलासपुर रोड और केरा रोड में पानी भर गया है. आलम यह है निचली बस्तियों में पानी भरने के बाद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है. वार्ड एक में पानी भरने की वजह से वार्ड के लोगों को संस्कृतिक भवन में रखा गया है. मेला ग्राउंड में भी पानी गया है. पानी के भराव की वजह से लोग नाव में सवार होकर आना-जाना कर रहे है. स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम तैनात किया है. इसके साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए खाने-पीने और रहने के लिए अलग-अलग स्थानों में इंतजाम किया है.

# राज्य की विष्णुदेव सरकार किसानों की हितैषी: ललित चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 27 सितंबर।** सेवा सहकारी समिति उतई में वार्षिक आमसभा का आयोजन शुक्रवार को सामुदायिक भवन उतई में आयोजित किया गया। आमसभा के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर थे। अध्यक्षता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमति श्रद्धा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सरस्वती साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष श्रीमति शीतला ठाकुर, भाजपा उतई मंडल महामंत्री द्वय प्रवीण यदु, चंदु देवांगन, डुमरडीह सरपंच धर्मेंद्र बंजारे, उमरपोटी सरपंच विजेन्द्र साहू, खोपली सरपंच मंजू वर्मा थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम की पूजा अर्चना कर किया गया। प्राधिकृत अधिकारी फत्तेलाल वर्मा ने स्वागत भाषण में सभी किसानों को धनतेरस पर 12 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की। समिति प्रबंधक गिरधर सोनी ने वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि राज्य की विष्णुदेव सरकार किसानों की हितैषी है। किसानों को खुशहाल बनाने के लिए 21 क्विंटल धान 2500 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदने का फैसला किया। जो किसानों के लिए वरदान साबित हुआ। उन्होंने कहा कि धरती में सबसे ज्यादा पूज्यनीय किसान है। जो अपने पसीना बहाकर धरती से सोना उगाते है। अध्यक्षीय उदबोधन में प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि धरती के भगवान किसान है। जो अपने मेहनत से सबका पेट भरते हैं। किसान खुशहाल होंगे तभी देश खुशहाल होगा। इसलिए राज्य सरकार किसानों को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाती है। धान खरीदी भी किसानों के लिए वरदान सामान है। कार्यक्रम के अंत मे प्रतिभाशाली बच्चों व उत्कृष्ट किसानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश साहू व आभार गोविंद साहू ने किया। कार्यक्रम में पार्षद गण सतीश चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण साहू, खूबीराम साहू, सोनू राजपूत, संगीत रजक, रूपेश पारख, फलेन्द्र सिंह राजपूत, शुभम वर्मा, अशवनी वर्मा, चंद्रशेखर चंद्राकर, सोहन रिगरी, राजकुमार साहू, घनश्याम चंद्राकर, विजय चंद्राकर, रूपनारायण बघेल, लोकनाथ साहू, जयंत साहू, खोवालाल देशलहरे, गोविंद साहू, गोपाल साहू, टुमन चंद्राकर, गोरखनाथ साहू, तिलक साहू, प्रहलाद साहू सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## मंडल अध्यक्ष,सरपंच व ग्रामीणों ने सुनी मन की बात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 27 सितंबर।** ग्राम सांकरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 138वें एपिसोड का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों और देशहित से जुड़े विभिन्न विषयों को ध्यानपूर्वक सुना।

इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच रवि सिंगौर ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से सीधे संवाद करते हैं और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक कार्यों तथा जनभागीदारी को प्रोत्साहित करते हैं।कार्यक्रम में छोटू यादव बूथ अध्यक्ष, मनहरण सिंगौर सांसद प्रतिनिधि, तुलाराम सिंगौर पंच, शुभम जांगड़े पंच, कामता सिंगौर, पिंटू यादव, विकास सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी जन उपस्थित रहे।






## एक नजर

### अधिकारी,कर्मचारी संगटन18 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 को कलेक्टरों को सौंपेंगे ज्ञापन

**भिलाई, 27 सितंबर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारी संगठनों द्वारा 18 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 सितंबर सोमवार को प्रदेश के जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। संगठन की ओर से जिले के निकायों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों से जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि सभी कर्मचारी अपने-अपने जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन में कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित हों। संगठन ने इसे कर्मचारियों की मांगों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने का अवसर बताया है। संघ के राजेश सोनी ने कर्मचारियों से निर्धारित तिथि पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### घर से सोने के जेवर,नगदी की चोरी

**दुर्ग, 27 सितंबर (तछसं.)।** दुर्ग दिनदहाड़े आरोपी ने आलमारी से सोने के जेवरात एवं रकम की चोरी कर ली अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रार्थिया की शिकायत पर अंजोरा चौकी पुलिस ने धारा 305 (ए) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया सरोज निषाद ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह जेडी इस्पात कंपनी में मजदूरी का काम करती है अपने काम पर चली गई थी उसका पति सुनील निषाद तथा बेटा अभिजीत दोनों घर पर थे शाम लगभग 5 बजे जब वह काम पर से वापस घर पहुंची तो देखी कि घर का दरवाजा खुला हुआ था उसका पति तथा बेटा अभिजीत घर में सोए हुए थे कपड़ा निकालने के लिए जब अपने कमरे में रखे आलमारी को खोली तो देखी कि आलमारी का सामान अव्यवस्थित था संदेह होने पर उसने लाकर खोलकर देखी तो उसमें सोने की दोनों आईरिंग, सोने का एक नग माला तथा नगदी रकम 1000 रुपए नहीं थे जब प्रार्थिया ने अपने बेटे से इस बारे में पूछी तो उसे जानकारी मिली कि 11 बजे उसका पति तथा गांव के विकास राव उसके घर में बैठकर शराब पिए पति को शराब पीने से अधिक नशा होने पर वह घर में सो गया था उस समय उसका बेटा घर के बाहर गणेश पंडाल की ओर चला गया था 2 घंटे बाद बेटा अभिजीत जब घर वापस आया तब घर में विकास राव नहीं था पति शराब के नशे में घर में ही सोया था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर जाकर आलमारी को खोलकर उसके घर से सोने के जेवरात पर लगती रकम की चोरी कर ली थी।

### कोकड़ी नाले में बह गए बाइक सवार युवक को पुलिस ने बचा लिया



**दुर्ग, 27 सितंबर (तछसं.)।** दुर्ग उतई थाना क्षेत्र के कोकड़ी नाला पुल पर तेज बहाव में मोटर साइकिल समेत बह गए युवक को पुलिस और डायल-112 की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया युवक पानी के तेज बहाव में बहने के बाद एक पेड़ के सहारे फंस गया था उसने किसी तरह पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर मदद मांगी जिस के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची बाइक समेत बहा युवक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि ग्राम पव्वारा निवासी लोकेश्वर साहू मोटरसाइकिल से पव्वारा से खमहरिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कोकड़ी नाला पुल पर बारिश के कारण पानी का बहाव काफी तेज था युवक मोटर साइकिल सहित पानी के तेज बहाव में बह गया पेड़ के सहारे बचाई जान बहते पानी के बीच लोकेश्वर किसी तरह एक पेड़ तक पहुंचे और उसके सहारे लटककर अपनी जान बचाई तेज बहाव के कारण वह काफी देर तक वहीं फंसे रहे। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर अपनी स्थिति की जानकारी दी और मदद मांगी सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस सूचना मिलते ही उतई टीआई मोहन भारद्वाज और प्रशिक्षु उप निरीक्षक दीपक कुमार सहित पुलिस टीम और डायल-112 मौके पर पहुंची टीम ने परिस्थितियों का आकलन करने के बाद सावधानी और सूझबूझ के साथ युवक तक पहुंच बनाई पेड़ के सहारे से निकाला सुरक्षित पुलिस टीम ने युवक को पेड़ के सहारे से सुरक्षित बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। समय पर पुलिस सहायता मिलने से युवक की जान बच गई और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई रेस्क्यू अभियान में उतई टीआई मोहन भारद्वाज, प्रशिक्षु उप निरीक्षक दीपक कुमार, प्रधान आरक्षक आशीष सिंह, आरक्षक राजीव दुबे, दीपक जॉन एवं डायल-112 के चालक की महत्वपूर्ण भूमिका रही बारिश में नदी-नालों से दूर रहने की अपील दुर्ग पुलिस ने आमजन से अपील की है कि लगातार बारिश के दौरान नदी, नाला, पुल-पुलिया और तेज बहाव वाले स्थानों पर विशेष सावधानी बरतें।

## एनएसएस के श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी सम्मान से सम्मानित किए गए ठाकुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 सितंबर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार ठाकुर को राज्य स्तरीय श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी सम्मान से सम्मानित किया गया। 24 सितंबर को रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने सुरेश कुमार ठाकुर को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों को समाजसेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ने में उनके योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। सुरेश कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा वर्षभर विभिन्न सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों का संचालन किया जाता रहा है। इनमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता, नशा मुक्ति अभियान, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय पर्वों और महत्वपूर्ण दिवसों पर विविध आयोजन प्रमुख रहे। राज्य स्तरीय सम्मान मिलने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका मेश्राम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सुरेश कुमार ठाकुर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों के प्रयासों से महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर प्राप्त यह सम्मान पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है और इससे विद्यार्थियों को समाजहित में और अधिक सक्रियता से कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

## पाल और भट्टाचार्य को मिलेगा काव्य विभूषण सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भिलाई, 27 सितम्बर।** हिन्दी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ कवि गोविन्द पाल तथा शंकर भट्टाचार्य का चयन प्रतिष्ठित काव्य विभूषण सम्मान के लिए किया गया है। यह सम्मान बदायूं स्थित हिन्दी सेवा न्यास द्वारा प्रदान किया जाएगा। दोनों साहित्यकार अहिन्दी भाषी क्षेत्र से होने के बावजूद हिन्दी में निरंतर लेखन कर रहे हैं और हिन्दी भाषा एवं साहित्य के संवर्धन में योगदान दे रहे हैं। इसी साहित्यिक साधना और हिन्दी सेवा को देखते हुए न्यास ने दोनों का सम्मान के लिए चयन किया है। बदायूं में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में दोनों साहित्यकारों को शाल, श्रीफल, सम्मान-पत्र, प्रतीक-चिह्न और सम्मान राशि प्रदान कर अलंकृत किया जाएगा।

## थमा बारिश का दौर, सिस्टम धीरे-धीरे कमजोर पड़ने के आसार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 सितम्बर।** बीते दिनों से जारी बारिश का दौर अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार बारिश की तीव्रता के साथ ही इसके क्षेत्रीय फैलाव में भी कमी आने की संभावना है। उत्तर-पूर्वी मध्यप्रदेश और उससे लगे उत्तरी छत्तीसगढ़ के ऊपर बना अवदाब तेजी से उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। 26 सितंबर को दोपहर 11.30 बजे अवदाब उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश और उससे लगे दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर केंद्रित था। इसके 26 सितंबर की शाम तक उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने तथा अगले 12 घंटों में कमजोर होकर स्पष्ट रूप से चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र में बदलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने अगले दिन प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। वहीं, एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी गई है। अगले दो दिनों के बाद भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, लेकिन व्यापक बारिश की संभावना कम है।

## सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, असुरक्षित स्थिति दिखे तो उत्पादन रोकें : सेल अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 सितंबर।** सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा ने कहा कि संयंत्र में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और हर कर्मचारी को अपनी पाली पूरी करने के बाद सुरक्षित घर लौटना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने शनिवार को सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित लार्ज ग्रुप इंटरैक्शन को संबोधित करते हुए 'माय एरिया, माय रिस्पॉन्सिबिलिटी' और 'लाइन ऑफ फायर' जैसे सुरक्षा सिद्धांतों को कार्य व्यवहार में शामिल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेका कर्मियों, सुपरवाइजर और सुरक्षा योद्धाओं ने हिस्सा लिया। डॉ. पंडा ने असुरक्षित कार्यप्रणालियों के प्रति शून्य सहनशीलता बरतने तथा परमिट टू वर्क और निर्धारित शटडाउन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करने की बात कही। इससे पहले उन्होंने कोक ओवन बैटरी-8, प्लेट मिल, एसएमएस-3 और परियोजना विभाग का दौरा कर परिचालन एवं परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। एसएमएस-3 में उन्होंने स्पष्ट कहा कि उत्पादन से पहले सुरक्षा जरूरी है। किसी भी कर्मचारी को असुरक्षित स्थिति नजर आने पर उत्पादन रोकने का पूरा अधिकार है। सुरक्षा के लिए सक्रिय हस्तक्षेप करने वाले कर्मचारियों को उचित रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने, बेहतर समन्वय और संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया।

## बायोमेडिकल वेस्ट डंप करने पर अर्बन कंपनी पर 25 हजार, अस्पताल पर 10 हजार जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 सितंबर।** सब्जी मंडी के पीछे ठोस अपशिष्ट के साथ बायोमेडिकल कचरा डंप किए जाने के मामले में नगर निगम ने अर्बन कंपनी और शंकराचार्य हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई की है।

निगम ने अर्बन कंपनी पर 25 हजार और शंकराचार्य हॉस्पिटल पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। निगम के अनुसार अर्बन कंपनी को शंकराचार्य हॉस्पिटल से केवल ठोस अपशिष्ट प्राप्त करना था, लेकिन उसके कर्मचारियों द्वारा ठोस कचरे के साथ बायोमेडिकल वेस्ट भी एकत्र कर सब्जी मंडी के पीछे डंप कर दिया गया। इसे अनुबंध की शर्तों और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का उल्लंघन मानते हुए कंपनी पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। राशि की कटौती आगामी देयक से करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, बायोमेडिकल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के उल्लंघन के लिए शंकराचार्य हॉस्पिटल पर भी 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। इसकी वसूली के लिए जोन-1 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। निगम ने दोनों पक्षों को भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति होने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## बारिश के पानी से घिरे परिवारों को निगम ने शेड में पहुंचाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 सितंबर।** बृहस्पति एवं शुक्रवार को तेज बारिश के चलते खुर्सीपार वार्ड क्रमांक 41 में पांच परिवारों के घरों में पानी भर गया। स्थिति को देखते हुए नगर निगम ने प्रभावित परिवारों को उनकी सहमति के अनुसार पास स्थित निगम के नवनिर्मित शेड में सुरक्षित ठहराया। निगम की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शेड में बिजली, पंखे, शौचालय और पेयजल की व्यवस्था है। परिसर में एक हॉल और एक कमरा है, जहां दो बेड की व्यवस्था की गई है। परिवारों के लिए तत्काल दरी भी उपलब्ध कराई गई। बारिश से प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए निगम की ओर से स्वल्पाहार और भोजन की भी व्यवस्था की गई। निगम अमला मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहा है और परिवारों की आवश्यकताओं का ध्यान रखा जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार प्रभावित लोगों को तत्काल राहत, आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने की व्यवस्था जारी रहेगी।

## दो दिनों की बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त,नदी-नाले उफान पर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 27 सितंबर।** दुर्ग जिले में बीते दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है नदी-नाले उफान पर हैं और कईं निचले इलाकों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित कुम्हारी और अमलेश्वर थाना क्षेत्र के गांव हुए हैं, जहां पानी भरने से सैकड़ों लोग फंस गए संकट की इस स्थिति में एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और डायल 112 की टीमों ने देवदूत बनकर रात भर सघन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और लगभग 135 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला बाढ़ की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ दुर्ग की टीम रात 12 बजे कुम्हारी के ग्राम परसदा पहुंची सुबह 5 बजे तक चले इस अभियान में मोटर बोट, लाइफ जैकेट और लाइफ रिंग्स की मदद से बाढ़ में फंसे 50 से 55 ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला गया इसी गांव के जगदीश बाड़ी क्षेत्र में जलभराव के बीच कईं परिवारों के फंसे होने की खबर मिलते ही टीम ने पुन मोर्चा संभाला लगभग दो घंटे चले इस ऑपरेशन में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों सहित कुल 60 लोगों को सुबह साढ़े 7 बजे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया अमलेश्वर थाना क्षेत्र में भी स्थिति गंभीर रही महादेव वाटिका के पीछे मटिया खार में रात 2 बजे फंसे 15 लोगों को रेस्क्यू कर राहत शिविर पहुंचाया गया। वहीं ग्राम खुड़मुड़ा में एक पूरी बस्ती पानी से घिर गई थी, जहां से एक गर्भवती महिला और कैंसर पीड़ित बुजुर्ग समेत 10 लोगों को एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला बारिश के कारण नदियां विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। रायपुर से पाटन मार्ग पर खारुन नदी का पानी महादेव घाट स्थित पुल के ऊपर से बह रहा है, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। दूसरी ओर, शिवनाथ नदी के उफान पर होने से पुलगांव के पास सड़क से लगभग पांच फीट ऊपर पानी बह रहा है। उतई थाना क्षेत्र में नाले के तेज बहाव में एक युवक बाइक सहित बह गया और किस्मत से एक पेड़ में अटक गया। सूचना मिलते ही पुलिस और डायल 112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाला अंडरब्रिज डूबे, रेलकर्मी व आम जनता परेशान शहरी व औद्योगिक क्षेत्रों में भी जलभराव की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है भिलाई-3 के सिरसा गेट और चरोदा के एच केबिन के पास बने रेलवे अंडरब्रिज में भारी पानी भर गया है। इससे रेलवे के पीपी यार्ड सहित अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को ड्यूटी पर पहुंचने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। इसी तरह भिलाई शहर में सुपेला के चंद्रा-मौर्या और प्रियदर्शिनी परिसर अंडरब्रिज में में पानी भरा हुआ होने से आवाजाही बंद है। प्रशासन ने लोगों से अति आवश्यक होने पर ही घर से निकलने और सतर्क रहने की अपील की है।

## पाटन में अवैध शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और विभागीय सुधारों के लिए चर्चित रहे अरविंद साहू अब राजधानी में संभालेंगे जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,27 सितंबर।** पाटन विधानसभा क्षेत्र में आबकारी विभाग में सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ रहे अरविंद साहू का रायपुर तबादला होने के बाद विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यमुक्त होने के बाद अरविंद साहू अब राजधानी रायपुर में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे।पाटन क्षेत्र में कार्यकाल के दौरान अरविंद साहू ने अवैध शराब, कच्ची महुआ शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई को लेकर अपनी अलग पहचान बनाई। विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ शराब दुकानों में ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा नई दुकानों की स्थापना की प्रक्रिया में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई।

पाटन क्षेत्र के चर्चित गांव घोरारी, जहां लंबे समय से कच्ची महुआ शराब के निर्माण को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं, वहां आबकारी विभाग ने अरविंद साहू के कार्यकाल में लगातार कार्रवाई की। अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए विभागीय टीमों द्वारा छापेमारी और जब्ती की कार्रवाई की गई।अवैध एवं अपमिश्रित शराब से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को देखते हुए विभाग ने कार्रवाई के साथ लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया। इससे अवैध शराब के कारोबार पर नियंत्रण के प्रयासों को गति मिली।

### असोगा में कच्ची शराब पर कार्रवाई के बाद स्थापित हुई दुकान

असोगा क्षेत्र में भी कच्ची शराब की समस्या को लेकर विभाग ने कार्रवाई की। अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ वहां अधिकृत शराब दुकान की व्यवस्था स्थापित की गई। विभाग का उद्देश्य अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाकर शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था के तहत शराब की बिक्री सुनिश्चित करना रहा।

### राजधानी में नई जिम्मेदारी

विभागीय सूत्रों के अनुसार, पाटन क्षेत्र में कार्य के बाद अरविंद साहू को अब राजधानी रायपुर में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके तबादले को विभागीय जिम्मेदारी में बदलाव के साथ देखा जा रहा है।विदाई समारोह के दौरान विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। अरविंद साहू ने भी पाटन क्षेत्र में कार्य के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# बाढ़ में फंसे 28 ग्रामीणों को पुलिस प्रशासन ने सुरक्षित निकाला

■ गणेशपुर, बिजराडीह और डोंगरीडीह में चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन, 9 बकरियों को भी बचाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 27 सितंबर।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कई निचले इलाकों में बाढ़ और जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है। इस दौरान बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस, राजस्व प्रशासन एवं राज्य आपदा मोचन बल (स्ठ्त्र्र्ल) की संयुक्त टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्राम गणेशपुर में 11 ग्रामीणों और 9 बकरियों को सुरक्षित निकालकर राहत शिविर पहुंचाया गया, जबकि ग्राम बिजराडीह में 4 परिवारों के 17 सदस्यों को सुरक्षित बचाया गया। ग्राम डोंगरीडीह में भी जलभराव के बीच फंसे ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में 26 सितंबर को जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। ग्राम गणेशपुर में बाढ़ के पानी में फंसे ग्रामीणों को निकालने के लिए सिमगा पुलिस, प्रशासन एवं एसडीआरएफ की टीम मोटर बोट और जीवन रक्षक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने सभी 11 ग्रामीणों को उनके सामान और घर में मौजूद 9 बकरियों के साथ सुरक्षित बाहर निकालकर राहत शिविर पहुंचाया।

इसी तरह थाना गिधपुरी क्षेत्र के ग्राम बिजराडीह में मूसलाधार बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया था। यहां चार अलग-अलग परिवारों के महिला, पुरुष और बच्चों सहित कुल 17 लोग बाढ़ में फंस गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफकी संयुक्त टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। थाना लवन क्षेत्र के ग्राम डोंगरीडीह में भी जलस्तर बढ़ने से कई ग्रामीण बाढ़ के पानी के बीच फंस गए थे। सूचना मिलते ही लवन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता से कार्रवाई करते हुए प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

जिले में लगातार बारिश के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन की टीमें सभी संवेदनशील, जलमग्न एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रख रही हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि भारी बारिश और जलभराव के दौरान उफनती नदियों, नालों, रपटों एवं पुल-पुलियों को पार करने का जोखिम न उठाएं। किसी भी आपातकालीन स्थिति या बाढ़ की सूचना तत्काल स्थानीय थाना अथवा आपातकालीन नंबर 112 पर दें।

## एक नजर

## पक्के घर ने पार्वती के परिवार को दिया सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन

**रायपुर, 27 सितंबर।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के पेंड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत कोटमीकला निवासी श्रीमती पार्वती और उनका परिवार लंबे समय से कच्चे मिट्टी के मकान में रहकर जीवन यापन कर रहा था। सीमित संसाधनों के बीच परिवार के लिए पक्के और सुरक्षित घर का सपना लंबे समय से अधूरा था। कच्चे मकान की वजह से परिवार को हर मौसम में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर बारिश के दिनों में घर की स्थिति खराब हो जाती थी और परिवार को अपने सामान तथा सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती थी। पार्वती बताती हैं कि मिट्टी के कच्चे मकान में बारिश के दौरान घर की दीवारों और अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचने का डर हमेशा बना रहता था। बारिश के पानी से घर को बचाना और घरेलू सामान को सुरक्षित रखना परिवार के लिए चुनौती बन जाता था। इसके अलावा बंदरों के कारण भी घर और घरेलू सामान को नुकसान पहुंचता था। इन परिस्थितियों के बीच परिवार चाहता था कि उन्हें ऐसा पक्का घर मिले, जहां वे बिना किसी चिंता के अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानपूर्वक रह सकें। श्रीमती पार्वती के परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण उम्मीद की किरण बनकर सामने आई। योजना के माध्यम से उन्हें पक्का आवास स्वीकृत हुआ और उनके वर्षों पुराने सपने को साकार होने का अवसर मिला। आवास का निर्माण पूरा होने के बाद परिवार को कच्चे मकान की परेशानियों से स्थायी राहत मिली है। पक्का मकान मिलने के बाद पार्वती और उनके परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। अब परिवार को बारिश के मौसम में घर की दीवारों और छत को लेकर चिंता नहीं रहती। घरेलू सामान को सुरक्षित रखने के साथ ही परिवार के सदस्यों को रहने के लिए एक मजबूत और सुरक्षित स्थान मिला है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत रोजगार मेले में युवाओं को मिला रोजगार का अवसर

**रायपुर, 27 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा शासकीय आईटीआई मरवाही के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आईटीआई परिसर मरवाही में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में जिले के युवाओं को विभिन्न निजी संस्थानों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से जुड़ने, अपनी योग्यता के अनुरूप पदों के लिए आवेदन करने तथा सीधे साक्षात्कार देने का अवसर मिला। रोजगार मेले में 7 निजी संस्थानों द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 478 रिक्तियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई थी। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए युवाओं ने ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया। कुल 778 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए, जिससे जिले के युवाओं में रोजगार के प्रति रुचि और निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों को लेकर उत्साह का पता चलता है। रोजगार मेले में आवेदन करने वाले युवाओं को नियोजकों के समक्ष अपनी योग्यता और कौशल प्रस्तुत करने का अवसर मिला। मेला स्थल पर कुल 195 युवाओं ने विभिन्न निजी संस्थानों के प्रतिनिधियों के समक्ष साक्षात्कार दिया। नियोजकों द्वारा युवाओं की शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी दक्षता, कौशल और संबंधित पदों के लिए उनकी उपयुक्तता के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई। रोजगार मेले के दौरान विभिन्न नियोजकों द्वारा 88 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया, जबकि 47 युवाओं का अंतिम चयन किया गया। अंतिम रूप से चयनित युवाओं को कार्यक्रम स्थल पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। शेष नियोजकों द्वारा अभ्यर्थियों के अंतिम चयन की प्रक्रिया जारी है। इससे रोजगार मेले में शामिल युवाओं को आगे रोजगार प्राप्त करने की उम्मीद भी बनी हुई है। जिला प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक संचालक कौशल विकास प्राधिकरण श्रीमती आकांक्षा पाण्डेय ने अंतिम रूप से चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोजगार का अवसर मिलने के साथ-साथ युवाओं के लिए अपने कौशल और प्रतिभा को आगे बढ़ाने का भी अवसर है। उन्होंने युवाओं को अपने कार्यक्षेत्र में निरंतर सीखने, मेहनत करने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बारिश से नदी-नाले उफान पर,अमेठी घाट एवं सेमरिया सहित 14 पुल-पुलियों से आवागमन बंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 27 सितंबर।** जिले में पिछले 2 दिनों से रुक -रुक कर हो रही बारिश के कारण नदी -नाले का जल स्तर बढ़ गया है जिससे कई पुल और चेक डेम में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए बाढ़ ग्रस्त 14पुल -पुलियों को आवागमन के लिये बंद कर दिया गया है। बलदाकच्छार के डीपापारा, अमेठी एवं सिमगा विकासखंड के गणेशपुर मे पानी बढ़ने के कारण प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड पलारी स्थित महानदी अमेठी घाट में पुल से 12 फीट ऊपर पानी बह रहा है। इसीतरह टेमरी नाला मे 4 फीट,छेरकाडीह नाला 3 फ़ीट,भाटापारा विकासखंड अंतर्गत सेमरिया घाट 4 फ़ीट,सुहेला मार्ग जमुनिया नाला पुल में 2 फीट ऊपर पानी,बासीन नाला 2 फ़ीट,सुहेला में भंवरगढ़ -बरडीह मार्ग जमुनिया नाला पुल 2 फ़ीट,शिकारी केशली मारह जमुनिया नाला में 2 फिट ऊपर पानी, बलौदाबाजार विकासखंड के अचानकपुर चेक डेम में 1 फ़ीट,भलूकोना -हरदी पुल 2 फीट, सिमगा विकासखंड अंतर्गत चौरहा,नवागांव -चक्रवाय मार्ग,लिमतरा- तरपोंगा मार्ग,तरेंगा -




कुलीपोटा मार्ग पुल पर 2 फीट ऊपर पानी है।इन सभी 14 पुलों पर प्रशासन द्वारा आवागमन बंद कर दिया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को पुल -पुलियों में बाढ़ की स्थिति पर कड़ी निगरानी एवं ग्रामीणों को एहतियात बरतने सम्बन्धी सूचना देने कोटवारो के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिये है,वहीं बाढ़ प्रभावित पुलों में बेरीकेटिंग एवं कर्मचारी तैनात करने के भी निर्देश दिये है। जिन गांव मे पानी भरने से लोग प्रभावित है उन्हें सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने, राहत एवं अपादा प्रबंधन,होमगॉर्ड,पुलिस की टीम को भी अलर्ट रहने निर्देशित किया है।

## प्रशासन की सतर्कता से बाढ़ प्रभावित 120 लोगों का सफल रेस्क्यू

जिले में पिछले दिनों हुई तेज बारिश के कारण नदी -नाले का जल स्तर बढ़ गया है जिससे अनेक स्थानों पर बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। कुछ गांव मे पानी ज्यादा बढ़ने के कारण फंसे 120 लोगों को जिला प्रशासन एवं आपदा राहत टीम की मुस्तैदी से सफल रेस्क्यू किया गया और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित कुल 120 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है इसमें तहसील कसडोल के ग्राम बल्दाकछार के 38 व्यक्ति, तहसील पलारी के ग्राम अमेठी में 44 व्यक्ति, ग्राम मोहान में 23 व्यक्ति तथा तहसील सिमगा के ग्राम गणेशपुर के 15 व्यक्ति शामिल हैं। बाढ़ आपदा से सम्बंधित सहायता के लिये जिला प्रशासन द्वारा जिला कंट्रोल रूम नंबर 07727222454 जारी किया गया है। इस नंबर पर बाढ़ से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता,सूचना, बचाव एवं राहत कार्यो के लिये संपर्क कर सकते है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से अपील किया गया है कि नदी -नाले किनारे न जाएं,गांव -मोहल्ले के आस -पास पानी भरने की स्थिति मे स्थानीय प्रशासन या कंट्रोल रूम को तत्काल सूचित करें।



## जिले में 1 अक्टूबर से सेवा सेतु शिविर का आयोजन,स्थल पर ही होगा लोगों की समस्या का समाधान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,27 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिले मे 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2026 तक सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। हर विकासखंड मे एक चिहांकित ग्राम मे विशाल शिविर लगाए जाएंगे जिसमें लोगों के आवेदनों का तत्काल निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को अधिकारियों कि बैठक लेकर शिविर की तैयारी के सम्बन्ध जरुरी निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सेवा सेतु शिविर जिला स्तरीय शिविर शिविर होगा जिसमें सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे और जिला अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस शिविर मे विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। उन्होंने एसडीएम एवं जनपद सीईओ को शिविर की व्यापक तैयारी समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। बताया गया शिविर सबसे पहले 1 अक्टूबर को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत पनगांव के कृषि उपज मण्डी मे लगाई जाएगी। 3 अक्टूबर को विकासखंड भाटापारा के ग्राम बोडतरा स्थित शासकीय हाई स्कूल बोडतरा, 5 अक्टूबर को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत छेरकापुर, 6 अक्टूबर को विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत कोसमसरा क एवं 7 अक्टूबर को विकासखंड सिमगा के ग्राम कामता मे होगा।

## कुम्हारी में सूने मकान का ताला तोड़ कर चोरी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 27 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन, में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों एवं नकाबपोश चोरों के विरुद्ध लगातार कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम कुम्हारी में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से शत-प्रतिशत चोरी का माल बरामद करने में सफलता मिली है। प्रार्थी संजय कुमार काठे (निवासी ग्राम कुम्हारी) द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 02.09.2026 से 04.09.2026 के मध्य अज्ञात चोर द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर रात्रि में प्रवेश किया गया और घर में रखे पुराना इस्तेमाल टुल्लू मोटर पंप, एक नग गैस सिलेंडर, पुरानी साड़ियां, पीतल के बर्तन (बर्तन, गुंडी, कुकर, कड़ाही आदि) जुमला कीमती लगभग ?25,000 की चोरी कर ली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में धारा 331(4),305(a) BNS के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारीः- विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु गांव में मुखबिर तैनात कर आसपास के संदिग्धों से गहन पूछताछ शुरू की गई। जांच एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पता चला कि गांव के ही निवासी दुर्गेश नवरत्न द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद



आरोपी गिरफ्तारी के डर से अन्य राज्य कमाने-खाने भाग गया था। ?पुलिस टीम द्वारा आरोपी पर सतत् नजर रखी जा रही थी। दिनांक 25.09.2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गांव लौटा हुआ है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम द्वारा आरोपी के सकुनत (ठिकाने) पर दबिश देकर उसे हिरासत में लिया गया। हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी दुर्गेश नवरत्न ने प्रार्थी के घर से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर उसकी निशानदेही पर उसके घर से चोरी किया गया संपूर्ण मसरूका (टुल्लू मोटर पंप, गैस सिलेंडर, पीतल के बर्तन, कुकर, कड़ाही, साड़ियां आदि कुल कीमती ?25,000) विधिवत जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा के तहत पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर दिनांक 25.09.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## तेज बहाव में बहे युवक का दो दिन बाद मिला शव,गांव में शोक

■ कोहका-राजिया पुल के पास नाले में बहा था 24 वर्षीय अंकित पाठक, रविवार सुबह ग्रामीणों ने देखा शव

**तिल्दा-नेवरा 27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ब्लॉक अंतर्गत कोहका-राजिया पुल के पास शुक्रवार रात तेज बारिश के दौरान नाले के तेज बहाव में बहे 24 वर्षीय युवक अंकित पाठक का शव रविवार सुबह बरामद किया गया। युवक शुक्रवार रात अपने दोस्तों के साथ ग्राम खुरमुड़ी से बिरगांव स्थित अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान नाला पार करते समय वह तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया था। घटना के बाद से ही पुलिस, प्रशासन, परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे हुए थे।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 8 बजे अंकित पाठक अपने दोस्तों के साथ लौट रहा था। कोहका-राजिया पुल के पास नाला पार करने के दौरान वह पानी के तेज बहाव में बह गया। उसके साथ मौजूद अन्य युवक सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना मिलने के बाद तिल्दा-नेवरा पुलिस और तहसील प्रशासन की टीम ने तलाश अभियान शुरू किया। परिजन और ग्रामीण भी लगातार युवक की खोजबीन में जुटे रहे। रविवार सुबह करीब 9 बजे ग्रामीणों ने राजिया पुल से लगभग 200 मीटर दूर नाले के पास युवक का शव देखा। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

मृतक की पहचान अंकित पाठक, निवासी नागेश्वर नगर, बिरगांव के रूप में हुई है। लगातार बारिश और नालों में तेज बहाव को देखते हुए लोगों से पुल, नालों और जलभराव वाले स्थानों के पास जाने से बचने की अपील की गई है।

## शिविर से दिव्यांगजनों के हौसलों मिले पंख,जगा आत्मविश्वास



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 27 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिब्यांगजनों के लिये कृत्रिम अंग, कैलिपर्स,रिप्लिंट वितरण शिविर केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसी के जीवन में फिर से चलने, खड़े होने और आत्मनिर्भर बनने के साथ ही उनके हौसलों और उम्मीद को बढ़ाने वाला था। को विश्वास मिला। 21 सितंबर से 25 सितंबर 2026 तक जिले के जनपदों में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग, कैलिपर्स एवं स्प्लिंट निर्माण एवं प्रदाय के शिविर लगाए गए।इन शिविरों में कहीं किसी ने वर्षों बाद अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश की, तो कहीं किसी ने पहली बार यह महसूस किया कि अब उसकी मंजिल उससे दूर नहीं है। किसी के लिए यह एक कृत्रिम हाथ था, लेकिन उस हाथ में फिर से अपने परिवार का हाथ थामने की उम्मीद थी। किसी के लिए कैलिपर्स थे, लेकिन उनके सहारे केवल कदम नहीं, आत्मविश्वास भी आगे बढ रहा था। किसी के लिए स्प्लिंट था, लेकिन उसके साथ जीवन को सामान्य गति से जीने का सपना जुड़ा था। शिविर में जब दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग पहनाकर खड़ा किया गया, तो उनके चेहरे पर दिखाई देने वाली मुस्कान किसी प्रमाण-पत्र या आंकड़े से कहीं बड़ी थी। कई परिवारों के लिए यह क्षण भावुक कर देने वाला था। वर्षों से अपने प्रियजन को कठिनाइयों के साथ जीवन जीते देखने वाले परिजनों की आंखों में भी उम्मीद की चमक दिखाई दी। जनपद पंचायत बलौदाबाजार, भाटापारा, पलारी, सिमगा एवं कसडोल में इन पांच दिनों में शिविरों ने यह संदेश दिया कि दिव्यांगता किसी व्यक्ति के सपनों की सीमा नहीं है। सही सहयोग, उचित तकनीक और संवेदनशील प्रयास किसी के जीवन की दिशा बदल सकते हैं। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य केवल कृत्रिम अंग देना नहीं था। उद्देश्य था किसी को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करना, किसी के हाथों में फिर से सामर्थ्य देना और उनके भीतर यह विश्वास जगाना कि उसके सपनों की उड़ान अभी बाकी है। कभी-कभी किसी के जीवन में बदलाव लाने के लिए बहुत बड़ी चीज की आवाश्यकता नहीं होती। एक प्रयास, एक सहारा, एक संवेदनशील हाथ और एक अवसर ही काफी होता है।

## मदनपुर में चूड़ी बनाने का हुनर सीख रहीं 200 से अधिक महिलाएं

**रायपुर, 27 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रशासन द्वारा समूह की महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़ते हुए नए कौशल से प्रशिक्षित करने की दिशा में अभिनव पहल की जा रही है। जिले में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से उन्हें कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड सूरजपुर में सिलफिली के मदनपुर में चूड़ियों को आकार देते हाथ अब अपनी आजीविका की नई राह भी गढ़ रहे हैं। यहां समूह की 200 से अधिक महिलाएं कौशल प्रशिक्षण के तहत चूड़ी बनाना सीख रही हैं। जहां महिलाएं कांच, मेटल एवं लाख की चूड़ियां बनाने का प्रशिक्षण ले रही हैं।

# छत्तीसगढ़ की बेटी संजू देवी ने बढ़ाया देश-प्रदेश का गौरव:मुख्यमंत्री

**रायपुर, 27 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जापान में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला कबड्डी टीम की सदस्य एवं छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की निवासी सुश्री संजू देवी को फोन कर इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सुश्री संजू देवी से आत्मीय संवाद करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि उनकी इस उपलब्धि से पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सुश्री संजू देवी से कहा कि आपने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन से न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय महिला कबड्डी टीम की स्वर्णिम सफलता प्रत्येक देशवासी के लिए गर्व का क्षण है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में छत्तीसगढ़ की बेटी की महत्वपूर्ण भागीदारी प्रदेश के लिए विशेष गौरव की बात है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटियां आज शिक्षा, खेल सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य का परचम लहरा रही हैं। कोरबा की संजू देवी ने अपनी मेहनत और खेल कौशल के बल पर राष्ट्रीय टीम में स्थान बनाया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश का मान बढ़ाया है। उनकी सफलता प्रदेश के उन हजारों युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने का सपना देख रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर, प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के गांवों, आदिवासी अंचलों और छोटे शहरों में मौजूद खेल प्रतिभाओं को उचित मंच मिले और वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करें।

उल्लेखनीय है कि जापान में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में ईरान को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। भारतीय टीम की इस स्वर्णिम सफलता में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की सुश्री संजू देवी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुश्री संजू देवी भारतीय राष्ट्रीय महिला कबड्डी टीम की सदस्य हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने भारतीय महिला कबड्डी टीम के सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ को भी इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी और टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय खिलाड़ी आने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

## आंगन मिलन सेवा से उत्सव स्थल बने आंगनबाड़ी केंद्र, पहले दिन 97 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता

**रायपुर, 27 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेश में शुक्रवार से शुरू हुई 'आंगन मिलन सेवा' के पहले दिन आंगनबाड़ी केंद्रों में उत्सव जैसा माहौल रहा। राज्यभर में 2,262 स्थानों पर 12,698 गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें 97,471 लोगों ने सहभागिता की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी मुंगेली जिले के मदकू में आयोजित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए और माताओं एवं बच्चों के पोषण का संदेश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती माताओं का स्वागत किया गया। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों, दालों और हरी सब्जियों का प्रदर्शन कर परिवारों को संतुलित भोजन के बारे में बताया गया। सुपोषित थाली के माध्यम से महिलाओं ने जाना कि रोजमर्रा के भोजन में विविध खाद्य पदार्थ शामिल कर माताओं और बच्चों का पोषण कैसे बेहतर बनाया जा सकता है।

# आधे सच की पोल जल्द ही खुल जाती है

आधा सच कभी पूरा सच नहीं हो सकता लेकिन आधे सच का उपयोग राजनीति में पूरे सच के तौर पर किया जाता है। इससे कुछ समय के लिए वह लोगों को लगता है यह सच हो सकता है लेकिन आधा सच पूरा सच नहीं होता है,इसलिए उसकी पोल कुछ घंटों में ही खुल जाती है और पूरा सच लोगों के सामने आ जाता है तो लोगों को कोई भ्रम नहीं रह जाता है कि राजनीति में जो लोग पूरा सच नहीं कहते हैं, उन पर जनता पूरा भरोसा नहीं कर सकती है। कई बार बड़े नेताओं को वहम हो जाता है कि वह आधा सच को पूरा सच की तरह कहेंगे तो जनता उसे पूरा सच मान लेंगी और उसके साथ खड़ी हो जाएगी। ऐसा आज तक नहीं हुआ है। जनता यह भी तो देखती है कि आधा सच कहने वाला नेता कौन है और सच या झूठ कहने के मामले में उसका दस बीस साल का इतिहास क्या है। संसद हो या संसद के बाहर हो। चाहे पेगासस हो, चाहे हिडनबर्ग हो, चाहे राफेल हो, चाहे चौकीदार हो,चाहे अडानी हो, सूट बूट की सरकार हो, सरकार आरक्षण विरोधी है, सरकार संविधान खत्म करना चाहती है, सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। चाहे ईवीएम में गड़बड़ी हो, चाहे हरियाणा,महाराष्ट्र में वोट चोरी हो, बिहार व बंगाल मे एसआईआर का मामला हो, राहुल गांधी संसद के भीतर व बाहर आधा सच कहकर कई बार देख चुके हैं और उसका परिणाम भी वह देख चुके हैं लेकिन चुनाव में निरंतर हार के कारण वह इतने निराश व हताश हो चुके हैं कि उनको समझ नहीं आ रहा है कि पीएम मोदी ज्यादातर जीत क्यों जाते हैं और कांग्रेस व विपक्षी राजनीतिक हार क्यों जाते हैं। हर बार वह चुनाव जीतने की उम्मीद में चुनाव लड़ते हैं और अक्सर चुनाव हार जाते हैं तो वह अब हार स्वीकार करने की बजाय हार का कारण चुनाव आयोग को बता देते हैं। वह हार स्वीकार करेंगे तो सवाल उठेगा कि वह चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करते हैं, इसलिए कांग्रेस चुनाव हार जाती है। कांग्रेस का संगठन कमजोर है, इसलिए चुनाव हार जाती है,कांग्रेस के पास प्रभावी जनाधार वाले नेता नहीं है,इसलिए चुनाव हार जाती है। कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता इस भ्रम में रखने के लिए पार्टी का नेतृत्व मजबूत है,वही चुनाव जिता सकता, इस बार पार्टी जरूर चुनाव जितेगी जरूरी हो जाता है कि उनको बताया जाए कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ है इसलिए हम चुनाव हार जाते हैं। चुनाव गड़बड़ी करता है, इसलिए हम चुनाव हार जाते हैं चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सब गड़बड़ी करते हैं इसलिए हम चुनाव हार जाते हैं, सत्ता विरोधी एक अखबार में एक आर्टिकल छपता है कि दो चुनाव आयुक्त के विरोध के बाद भी कई फैसले किए गए हैं। इससे राहुल गांधी को हमेशा की तरह ऐसा लगता है कि इस बार उनके हाथ में ब्रम्हास्त्र आ गया है और इस बार चुनाव आयोग को गलत साबित कर देंगे, उनके किए गए सभी फैसलों को गलत साबित कर देंगे। लेकिन कुछ ही घंटो में चुनाव आयोग की तरफ यह सफाई आ गई कि दो चुनाव आयुक्त के विरोध या असहमत होने का मतलब यह नहीं है कि कोई भी फैसला अकेले लिया गया है, विचार विमर्श के दौरान असहमत होने के बाद भी अंतिम फैसला होने के समय तक दोनों सहमत हो गए। किसी विषय पर विचार करते वक्त कई मुद्दों पर सब अपने विचार रखते हैं, लेकिन अंतिम फैसला तो सबकी सहमति से ही होता है। इसी तरह चुनाव आयोग ने भी अंतिम फैसला आम सहमति से किया है।यही वजह है कि दोनों चुनाव आयुक्त ने न तो किसी फैसले का खुलकर विरोध किया है न ही राष्ट्रपति से शिकायत की है। न ही सत्ता विरोधी अखबार के आर्टिकल के बाद दोनों ने सामने आकर कोई बात ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कही है। इससे साफ हो जाता है कि सत्ता विरोधी अखबार ने जो काम किया है वह पहले की तरह भरोसे के योग्य नहीं है, विपक्ष को देश में हंगामा,अराजकता फैलाने का मौका देना है। सब जानते हैं कि वह अखबार अपने आपको सत्ता का विरोधी प्रचारित करता है, उसी ने राजीव गांधी सरकार के समय बोफोर्स में दलाली का मुद्दा उठाया था। तब कांग्रेस ने इसे झूठा बताया था, आज वही कांग्रेस उस अखबार के आर्टिकल को परमसत्य मान रही है जबकि वह आधा सच बता रहा है। चुनाव आयोग तो स्वीकार कर रहा है कि दोनो आयुक्तों ने शिकायत की थी,यह तो रूटीन में होता रहता है लेकिन अंतिम फैसला आमसहमति से किया गया है, इसके बाद तो इस मुद्दे का कोई मतलब नहीं रह जाता है। जनता एक बात जानती है कि चुनाव आयोग अगर निष्पक्ष न होता तो सारे चुनाव भाजपा ने जीते होते, 14 के बाद हुए कई चुनाव भाजपा हारी है,इसलिए माना जा सकता है कि चुनाव आयोग पहले के चुनाव आयोगों की तुलना में ज्यादा बेहतर चुनाव करा रहा है जिसमें भाजपा जीत भी रही है और हार भी रही है, विपक्ष हार भी रहा है और विपक्ष जीत भी रहा है। कांग्रेस हार भी रही है और कांग्रेस जीत भी रही है। राहुल गांधी जीतने पर तो चुनाव आयोग को अच्छा नहीं कहते हैं लेकिन हारने पर सबसे बुरा उसे ही कहते हैं और चाहते हैं कि पूरा देश उनकी बात को सच माने। आधे सच को देश कैसे पूरा सच मान सकता है।

## राशिफल

मेष आज अपने गुस्से और शब्दों पर थोड़ा संयम रखना आपके लिए बेहद जरूरी रहेगा। छोटी-सी बात को लेकर दिया गया तीखा जवाब रिश्तों में अनावश्यक दूरी पैदा कर सकता है। हालांकि कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहा जाएगा और वरिष्ठ अधिकारी आपकी मेहनत की प्रशंसा कर सकते हैं।

वृषभ आज कदम-कदम पर थोड़ी सावधानी आपके लिए फायदेमंद रहेगी। राजनीति या सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को अपने फैसलों और व्यवहार को लेकर विशेष सतर्क रहना चाहिए। थकान महसूस हो सकती है, इसलिए शरीर को आराम देना जरूरी होगा।

मिथुन आज का दिन आपके चेहरे पर मुस्कान लाने वाला साबित हो सकता है। लंबे समय से अटका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति में राहत महसूस होगी। पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई मामला भी आपके पक्ष में आगे बढ़ सकता है। किसी करीबी की आर्थिक मदद करने का अवसर मिलेगा।

कर्क आज मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और कई काम उम्मीद से जल्दी पूरे हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी करने के बजाय सोच-समझकर कदम उठाना बेहतर रहेगा। परिवार के साथ बिताया समय रिश्तों में गर्माहट और अपनापन बढ़ाएगा।

सिंह आज का दिन भले ही सामान्य रहे, लेकिन आपके लिए समय का सही उपयोग बहुत महत्वपूर्ण रहेगा। पुराने और अधूरे कामों को निपटाने पर ध्यान दें, इससे मन भी हल्का महसूस होगा। विदेश में पढ़ाई का सपना देख रहे विद्यार्थियों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

कन्या आज आप ऊर्जा और उत्साह से भरे नजर आएंगे। घर में मेहमानों का आगमन माहौल को खुशनुमा बना सकता है और परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। व्यापार में कुछ उतार-चढ़ाव जरूर रहेंगे, लेकिन आपका आत्मविश्वास कमजोर नहीं होगा।

तुला आज काम का बढ़ता दबाव आपको मानसिक रूप से थोड़ा थका सकता है, लेकिन इसी के साथ अपने व्यवहार और सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का मौका भी मिलेगा। अच्छे भोजन और छोटी-छोटी खुशियां आपका मन हल्का करेंगी। संतान के व्यवहार को लेकर कुछ चिंता रह सकती है, इसलिए जल्द निष्कर्ष निकालने के बजाय प्यार से बात करें।

वृश्चिक आज का दिन संतुलन बनाए रखने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए अवसर सामने आ सकते हैं और किसी यात्रा की योजना भी बन सकती है। धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधियों में मन लगाने से भीतर से शांति और सकारात्मकता महसूस होगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है, इसलिए उनकी जरूरतों पर ध्यान दें।

धनु आज वैवाहिक जीवन में खुशियों और अपनापन बढ़ता हुआ नजर आएगा। जीवनसाथी की सफलता आपको गर्व और खुशी दोनों देगी। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेने में आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और पिता भी आपके कामों से प्रसन्न नजर आ सकते हैं। कोई नई उपलब्धि आपके उत्साह को और बढ़ाएगी।

मकर आज भाई-बहनों का साथ आपको भावनात्मक मजबूती देगा और परिवार में एकता का अनुभव होगा। आर्थिक मामलों में थोड़ी सतर्कता जरूरी है, खासकर बिना सोचे कोई बड़ा खर्च करने से बचें। आलस्य को अपने ऊपर हावी न होने दें, क्योंकि सक्रिय रहेंगे तो बेहतर अवसर आपके सामने आएंगे। नौकरी बदलने का विचार मन में जोर पकड़ सकता है।


कुंभ आज आर्थिक दृष्टि से दिन उत्साह बढ़ाने वाला हो सकता है। आय के नए रास्ते खुलने से आपकी वित्तीय स्थिति मजबूत होने की संभावना है। दोस्तों का साथ आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और आपकी बातों का लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कोई नया काम शुरू करने का विचार है तो पहले उसकी पूरी योजना तैयार करें।


मीन आज स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतना आपके लिए जरूरी रहेगा। कोई जरूरी काम बनते-बनते रुक सकता है, जिससे तनाव बढ़ेगा, लेकिन धैर्य बनाए रखने से स्थिति संभल जाएगी। लंबे समय से खोई या गुम हुई कोई प्रिय वस्तु वापस मिलने की खुशी मिल सकती है। नया काम शुरू करने से पहले उसके हर पहलू पर अच्छी तरह विचार कर लें। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात आपके दिन को यादगार बना सकती है.

## विश्लेषण

# संयुक्त राष्ट्र महासभा में ईरान ने किया वास्तविक वैश्विक आतंकवाद को बेनक़ाब

तनवीर जाफ़री





अमेरिका,इस्राईल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच बुलाये गये संयुक्त राष्ट्र महासभा के इस 81वें अधिवेशन पर पूरे विश्व की नज़रें टिकी थीं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान, विदेश मंत्री अब्बास अरागची,संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी मिशन के प्रतिनिधि और राष्ट्रपति व विदेश मंत्री के सहयोगी इस सत्र में शामिल हुये। महासभा को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्र के पहले ही दिन यानी 22 सितंबर को संबोधित किया जबकि ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने दूसरे दिन अर्थात 23 सितंबर को महासभा में अपना भाषण दिया। सत्र के तीसरे दिन 24 सितंबर को इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संबोधित किया। लगातार तीन दिनों तक इन नेताओं के एक दूसरे पर वार पलटवार किये जाने के कारण महासभा में इन देशों के बीच गहरा कूटनीतिक तनाव देखने को मिला। तनाव की शुरुआत 22 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भाषण से ही हो गयी थी। जबकि ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें 'एक बड़ा फ़ैसला लेना है। या तो ईरान के साथ ऐसा समझौता किया जाए जिससे उसे फिर से निर्माण करने और बेहतर देश बनने का मौक़ा मिले, या फिर इस्लामिक रिपब्लिक व्यवस्था को पूरी तरह से नष्ट कर दिया जाए'। उन्होंने अपने ही अंदाज़ में सवाल किया कि 'क्या वे ईरान को बचने का मौक़ा दिए बिना उसे 'नरक (जहन्नुम)' में धकेल दें'? ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा, और यह उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। ट्रंप ने ईरान के ख़िलाफ़ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का खुलकर बचाव किया। इतना ही नहीं बल्कि ट्रंप ने ईरान को 'आतंकवाद का नंबर वन प्रायोजक' क़रार दिया और आरोप लगाया कि पिछले 51 वर्षों से इस शासन ने मध्य पूर्व और दुनिया भर में अराजकता फैलाई है। ट्रंप ने दुनिया के अन्य देशों से भी यह अपील की कि वे तेहरान पर आर्थिक दबाव बनाए रखें और ईरान को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने में अमेरिका का साथ दें। इसके बाद 23 सितंबर को ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख देने वाला एक बेहद भावनात्मक,सत्यपरक,आक्रामक और ऐतिहासिक भाषण दिया। ईरानी राष्ट्रपति के भाषण के दौरान ही अमेरिकी प्रतिनिधि वाकआउट कर गये जबकि इस्राईल ने पहले से ही बहिष्कार करने का फ़ैसला किया हुआ था। राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने कहा कि "हम आतंकवादी नहीं, बल्कि आतंक के पीड़ित हैं"। उन्होंने मंच से पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली ख़ामेनेई और ईरानी मिनाब स्कूल में मारे गए मासूम बच्चों की तस्वीरें दिखाईं। उन्होंने ट्रंप के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि "जो खुद आतंकवादी हैं, वे हमें इस शब्द से संबोधित कर रहे हैं। मैं उस ईरान से आता हूँ जहाँ हमारे आदरणीय सर्वोच्च नेता की हत्या बिना किसी क़ानूनी ढांचे या कारण के अमेरिका-इस्राईल के संयुक्त हमले में कर दी गई थी। पेज़ेशकियन ने कहा कि हमने पिछले 200 सालों में किसी भी देश पर पहले हमला नहीं किया है। हमारे निर्दोष लोग कायरतापूर्ण हमलों का शिकार बने हैं, हमने केवल अपनी रक्षा की है।" अमेरिकी धमकियों का जवाब देते हुए ईरानी राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि "ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह दबाव के आगे झुकेगा नहीं, हमने कभी घुटने नहीं टेके और न ही कभी अपना सिर झुकाएंगे। ईरान अपनी हिफ़ाज़त के लिए किसी दूसरे देश से इजाज़त लेने की ज़रूरत नहीं समझता। हमने हमलों का जवाब दिया है, लेकिन हमने कभी नागरिक आबादी को निशाना नहीं बनाया।" परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर पेज़ेशकियन ने पश्चिमी देशों के दोहरे मापदंडों की कड़ी आलोचना करते हुये कहा कि "ईरान परमाणु बम नहीं बनाना चाहता, लेकिन वह शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक का अपना अधिकार भी कभी नहीं छोड़ेगा। हमारे बीमार लोगों के इलाज के लिए, कृषि और उद्योगों की प्रगति के लिए यह ऊर्जा ज़रूरी है। दूसरी तरफ़ इज़रायल के पास परमाणु हथियार हैं, जो परमाणु अप्रसार संधि का हिस्सा भी नहीं है, फिर भी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां केवल ईरान पर पाबंदियां लगाती हैं।" मसूद पेज़ेश्कियान ने यूनाइटेड नेशंस में साफ़ कहा कि "फ़िलिस्तीन का मसला हल किए बिना हम शांति की बात नहीं कर सकते।"ईरानी राष्ट्रपति ने ग़ज़ा में जारी हिंसा को लेकर इस्राईल को घेरा और कहा कि "इस्राईल वहां बेक़ुसूर नागरिकों की हत्या कर रहा है, लेकिन आर्थिक प्रतिबंध तेहरान पर थोपे जा रहे हैं"। उन्होंने ग़ज़ा में मारे गए और विस्थापित हुए हज़ारों नागरिकों के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त किया। ईरान के भीतर हुए हालिया आंतरिक प्रदर्शनों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने इसे सरकार के विरोध के रूप में नहीं, बल्कि जनता द्वारा अपने देश और सुरक्षा के प्रति एकजुटता और समर्थन के रूप में पेश किया। पेज़ेशकियन ने कहा कि "तनाव के बावजूद उन्होंने बातचीत के दरवाज़े पूरी तरह बंद नहीं किए हैं "। उन्होंने कहा कि "ईरान हमेशा से समझौते की मेज़ पर आने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और कूटनीति और बातचीत के रास्ते खुले हैं। लेकिन बातचीत बिना किसी सैन्य या आर्थिक दबाव के बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए"। शायद यह पहला अवसर था जबकि अमेरिका की धरती पर ही किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष ने अमेरिका को ही आतंकवादी व हत्यारा होने जैसे आरोप लगाये । परन्तु महासभा में 24 सितंबर को जब इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू बोलने के लिये मंच पर आये और जैसे ही उन्होंने अपना भाषण शुरू किया उसी समय 77 देशों के प्रतिनिधिमंडल ने हॉल से वॉकआउट कर दिया। वाकआउट करने वाले देशों में अरब क्षेत्र के 18 देश,एशिया के 14,अफ्रीका के 20,लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र के 17,यूरोप के 6 तथा प्रशांत के 2 देश शामिल थे। इस सामूहिक बहिष्कार से चिढ़े नेतन्याहू ने क़रीब 3 मिनट तक शांत रहने के बाद वॉकआउट करने वाले प्रतिनिधियों को सीधे तौर पर "नैतिक रूप से कायर" कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा, "भाषण शुरू करने से पहले मैं एक छोटी सी घोषणा करना चाहता हूं। अगर इस हॉल में कोई और 'नैतिक रूप से कायर' बचा है जो अब तक बाहर नहीं गया है, तो कृपया वह भी अभी बाहर चला जाए।" इसके बाद उन्होंने ग़ज़ा सहित ईरान पर की जाने वाली सभी इस्राईली सैन्य कार्रवाइयों को जायज़ ठहराया। उधर नेतन्याहू के भाषण के दौरान हज़ारों लोग संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर नेतन्याहू विरोधी रैली में उन्हें हत्यारा व मानवता विरोधी बता रहे थे। वहां दर्जनों प्रदर्शनकारियों को न्यूयॉर्क पुलिस ने गिरफ़्तार भी किया। बहरहाल ईरान की इसी शुचिता, सत्यवादिता, निर्भयता,नेकनीयती व यथार्थता ने आज जहाँ उसे विश्व के लोकप्रिय देशों की सूची में ला खड़ा किया है वहीं अमेरिका व इस्राईल जैसे देशों के प्रति दुनिया में लोगों का ग़ुस्सा व उनके प्रति नफ़रत बढ़ती जा रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में ईरान ने अमेरिका व इस्राईल द्वारा फैलाये जा रहे वास्तविक वैश्विकआतंकवाद को और भी बेनक़ाब कर दिया है। ?


## विश्व पर्यटन दिवस

# पर्यटन से प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो रहा

डॉ .सूर्यकांत मिश्रा



पर्यटन एक गुदगुदी करने वाला शब्द है। इसका नाम सुनते ही हमारे शरीर में सिहरन पैदा होने लगती है । यही वह गतिविधि कही जा सकती है , जो सतत विकास को बढ़ावा देती है । पर्यटन को अपने जीवन में स्थान देने वाले व्यक्ति की सांस्कृतिक समझ अविश्वसनीय रूप से उसके आंतरिक गुणों में शामिल हो जाती है । पर्यटन ही किसी देश में रोजगार सृजित करने का बड़ा माध्यम माना जा सकता है । पर्यटन में निकले युवक - युवती को इससे जिम्मेदारी पूर्ण यात्रा हेतु प्रोत्साहन प्राप्त होता है । यही यात्रा आगे चलकर मानवीय समुदाय को लाभान्वित करती है । पर्यटन को विरासत का संरक्षक कहा जाना अनुचित नहीं है । इसके माध्यम से दुनिया के लिए शांति का वैश्विक सेतु तैयार किया जा सकता है । पर्यटन विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोगों को आपस में जोड़ने का काम करता है । विभिन्न देश एक - दूसरे की परंपराओं , संस्कृतियों को बखूबी समझ पाते हैं । यात्रा क्षेत्र में नए अवसरों की खोज और उस पर शोध करने हेतु बड़े मंच की प्राप्ति होती है । हमारे देश का प्राकृतिक परिवेश , स्थापत्य , कला की उत्कृष्ट कृतियां , संगीत , नृत्य , चित्रकला , रीति-रिवाज और भाषाएं आपस में मिलकर भारत को पर्यटन का स्वर्ग बना जाते हैं । हमारे देश में पर्यटन तीसरा बड़ा उद्योग है । हमारे देश के लगभग 10 करोड़ युवक - युवतियों इस उद्योग में प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष रूप से कार्यरत हैं । पर्यटन मंत्रालय द्वारा इस वर्ष के पर्यटन दिवस की थीम " डिजिटल एजेंडा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से पर्यटन का पुनर्निर्माण " रखी गई है । ऐसा मानना है कि पर्यटन क्षेत्र में तकनीकी नवाचार , ए आई और डिजिटल बदलाव को बढ़ावा देकर अधिक आधुनिक और टिकाऊ बनाया जा सकता है ।मानवीय जीवन में पर्यटन के महत्व को समझते हुए प्रसिद्ध साहित्यकार एवं लेखक राहुल सांकृत्यायन ने तो घुम्मकड़ी को लेकर पूरा शास्त्र ही लिख डाला । श्री सांकृत्यायन का कहना है की सबसे बड़ा घुमक्कड़ वह है , जो बिना किसी तैयारी के घूमने निकल पड़ता है । उनका यह भी मानना है कि पर्यटन के लिए कुछ जरूरी सावधानियां अपनाना भी अनिवार्य है । कारण यह की हर प्रदेश की जलवायु अलग होती है । पर्वत तथा समुद्र की यात्राएं हानिकारक भी हो सकती हैं । पर्यटन साहसिक कार्य है , किंतु इस मार्ग में निकले पर्यटक को खुद की शारीरिक शक्ति की जानकारी होनी चाहिए । इस संदर्भ में वैज्ञानिक आविष्कारों ने एक ओर तो सुख - सुविधाऐं प्रदान की हैं , किंतु दूसरी ओर आशंकाओं के दरवाजों को भी खुला रखा है ! श्री सांकृत्यायन ने अपने घुमक्कड़ धर्म में कहा है कि घूमने - फिरने और नई जगह को जानने से ही इंसान और समाज का असली विकास होता है ।यही वह धर्म है जिसने मानव जाति को प्रगति का मार्ग प्रदान किया है । हम अपने इतिहास को उठाकर देखें तो गौतम बुद्ध से लेकर महावीर स्वामी , आदि शंकराचार्य और गुरु नानक देव जैसे




महापुरुष भी घुमक्कड़ ही थे , जिन्होंने पर्यटन के माध्यम से समाज को संदेश दिया है । पर्यटन अथवा घुम्मकड़ी को लेकर मुझे एक शानदार शेर याद आ रहा है जिसे इस्माइल मरेठी ने लिखा है :-

" सैर कर दुनिया की गाफिल , जिंदगानी फिर कहां ?

जिंदगी घर कुछ रही तो ,नौजवानी फिर कहां ? "

दुनिया में मनुष्य जन्म बार-बार नहीं मिलता । जवानी भी केवल एक ही बार आती है । साहसी मनस्वी , तरुण - तरुणियों को इस अवसर से पीछे नहीं हटना चाहिए । कमर बांध लो भावी घुमक्कड़ों , संसार तुम्हारे स्वागत के लिए बेकरार है । जहां तक बात की जाए भारतीय पर्यटन स्थलों की , तो इसका सानी कोई नहीं है ! हमारे देश की विशेषता है कि वह उदार आदित्य - सत्कार के लिए विश्व में अलग स्थान रखता है ।हमारे देश में पर्यावरण पर्यटन के लिए सुंदर समुद्र तट , वन , वन्य जीवन और प्राकृतिक दृश्य की कमी नहीं । साहसिक पर्यटन के लिए बर्फ , नदियां और पर्वत शिखर स्वागत की मुद्रा में दिखाई पड़ते हैं । विज्ञान पर्यटन के लिए प्रौद्योगिकी पार्क और विज्ञान संग्रहालय ज्ञान वृद्धि के केंद्र माने जा सकते हैं । आध्यात्मिक पर्यटन के लिए हमारे देश जैसे तीर्थ स्थल कहीं और नहीं हैं । इसी तरह विरासत पर्यटन के लिए धरोहर स्थल , रेल गाड़ियां और बड़े आकर्षक होटल ने अपनी धाक जमाई हुई हैं । इसके अलावा योग , आयुर्वेद और प्राकृतिक स्वास्थ्य रिजॉर्ट तथा पहाड़ों पर बसे स्टेशन भी पर्यटकों को लुभाते दिखाई पड़ रहे हैं । पर्यटकों के लिए सजावटी सामानों का बाजार भारतीय हस्तशिल्प सहित विशेष रूप से आभूषण , कालीन , चमड़े की सामग्री , हाथी दांत से बनी आकर्षण सजावटी वस्तुएं तथा पीतल पर उकेरी गई कलाकृतियां पर्यटकों को खरीदी हेतु विवश कर जाती हैं ।

पर्यटन उद्योग के संदर्भ में भारतवर्ष किसी भी क्षेत्र में अन्य राष्ट्रों से पीछे नहीं रहा है । बाजार अनुसंधान रिपोर्ट के आंकड़ों को सही माने तो भारतवर्ष में तेजी से बढ़ता चिकित्सा पर्यटन आर्थिक मंदी के बावजूद पर्यटन उद्योग का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ उद्योग बन चुका है । रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि भारतवर्ष चिकित्सा पर्यटन उद्योग में अपार संभावनाओं के द्वार खोल रहा है । देश में उपलब्ध उपचारों की कम लागत , व्यापकता और विविधता जैसे कारक इसे चिकित्सा पर्यटन स्थल के रूप में आकर्षक बना रहे हैं । पर्यटन के मामले में भारत भूमि का गौरवशाली इतिहास रहा है । यहां का हर शहर एक इतिहास को बयां करता है । पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षणों में आगरा का ताजमहल , खूबसूरती से तराशी गई अजंता - एलोरा और खजुराहो की गुफाएं , दिल्ली , राजस्थान और महाराष्ट्र के किले कहीं और मिल जाएं , यह संभव नहीं ! भारतवर्ष की सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक स्थलों की सुंदरता इसे पर्यटन स्वर्ग का दर्जा दिलाती है । यह हम भारतवासियों की पहचान है कि हम अपने अतिथियों का आदर - सत्कार करते हैं , और उन्हें भगवान की तरह मानते हैं । यही कारण है कि हमने " अतिथि देवो भवः " की सांस्कृतिक परंपरा को फलने फूलने दिया । भारत अपने शैशवकाल से ही आध्यात्मिकता का केंद्र रहा है । भारतवर्ष दुनिया के सबसे बेहतरीन पर्यटन स्थलों में से एक है , जिसके बिना पर्यटन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है ! यहां की सांस्कृतिक विविधता , ऐतिहासिक धरोहर हैं तथा प्राकृतिक खूबसूरती विश्व भर के पर्यटकों को आकर्षित करती हैं । पूरी दुनिया में भारतवर्ष ही एक ऐसा देश है जहां हर कुछ किलोमीटर पर भाषा , पहनावा और खान-पान बदल जाता है । इन्हीं सारी विशेषताओं के चलते भारतवर्ष दुनिया का सबसे अनोखा पर्यटन केंद्र बन चुका है ।

# पीएम सूर्य घर योजना से मनोरंजन सिंह का घर बना ऊर्जा आत्मनिर्भर, बिजली खर्च में मिली बड़ी राहत

घर की छत पर लगा सोलर पैनल अब परिवारों की बिजली जरूरत पूरी करने के साथ उनके मासिक खर्च में बचत का माध्यम भी बन रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेकर सरगुजा जिले के ग्राम जरहाडढ़ निवासी मनोरंजन सिंह ने अपने घर में 5 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराया है। सौर ऊर्जा से घर की बिजली जरूरतें पूरी होने से परंपरागत बिजली पर निर्भरता कम हुई है और परिवार को बिजली खर्च में राहत मिली है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार की ओर से भी आर्थिक सहायता दी जा रही है। 5 किलोवाट के सोलर संयंत्र पर केंद्र सरकार से 78 हजार रुपये और राज्य सरकार से 30 हजार रुपये मिलाकर कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी से हितग्राहियों के लिए शुरुआती लागत का भार कम हो रहा है। इसी व्यवस्था का लाभ लेकर मनोरंजन सिंह ने अपने घर को सौर ऊर्जा से जोड़ा है। दिन के समय सोलर संयंत्र से उत्पादित बिजली का उपयोग घर की जरूरतों को पूरा करने में हो रहा है। इससे परिवार की नियमित बचत भी बढ़ी है। मनोरंजन सिंह बताते हैं कि सोलर संयंत्र स्थापित होने के बाद बिजली खर्च में राहत मिली है। सूर्य की रोशनी से घर की छत पर ही बिजली का उत्पादन होने से दैनिक बिजली जरूरतों को पूरा करने में सुविधा हो रही है। उन्होंने योजना को परिवारों के लिए आर्थिक बचत के साथ स्वच्छ ऊर्जा अपनाने का बेहतर माध्यम बताया। उन्होंने अन्य परिवारों से भी योजना की जानकारी लेकर पात्रतानुसार इसका लाभ लेने की अपील की। रूफटॉप सोलर संयंत्र से घर अपनी जरूरत की बिजली स्वयं पैदा कर सकता है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत जरूरत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में भेजी जा सकती है। इस व्यवस्था से परिवार बिजली के उपभोक्ता होने के साथ ऊर्जा उत्पादन में भी भागीदार बन रहे हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का दायरा शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बढ़ रहा है। विद्युत विभाग के अनुसार अम्बिकापुर शहर में 1,136 और अम्बिकापुर ग्रामीण क्षेत्र में 305 घरों में सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस प्रकार दोनों क्षेत्रों में कुल 1,441 घर सौर ऊर्जा से जुड़ चुके हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत मनोरंजन सिंह की यह 'सेवा की कहानी' घर की छत से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते बदलाव की तस्वीर पेश करती है। रूफटॉप सोलर से बिजली खर्च में राहत के साथ स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है।



## एक नजर

### बाढ़ का पानी उतरते ही गांवों में मेकॉज के सहयोग से लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

**जगदलपुर, 27 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले में हालिया बारिश के थमने और विभिन्न इलाकों से बाढ़ तथा जलभराव का पानी उतरने के साथ ही बीमारियों के संभावित खतरे को देखते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रीना लक्ष्मी को निर्देश दिए हैं कि वे स्थानीय मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों का सहयोग लेकर उन सभी गांवों में तत्काल विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित करें, जहां पर बाढ़ का पानी कम हो रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जलभराव समाप्त होने के तुरंत बाद जलजनित और त्वचा संबंधी संक्रामक रोगों का प्रकोप तेजी से बढ़ता है, जिसे समय रहते रोकना बेहद जरूरी है। इसके तहत शिविरों में दूषित पानी के संपर्क में आने से होने वाले फंगल व बैक्टीरियल इन्फेक्शन, उल्टी-दस्त, डायरिया, पीलिया और टायफाइड जैसे रोगों की गहन जांच की जाएगी। साथ ही, जलस्तर घटने के दौरान बिलों से जहरीले जीवों के बाहर निकलने के कारण सर्पदंश और पशुदंश के बढ़ते खतरे को देखते हुए शिविरों में एंटी-वेनम और जरूरी जीवनरक्षक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रशासन की कार्ययोजना के अनुसार स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल कॉलेज की संयुक्त टीमें सुदूर व संवेदनशील ग्रामीण अंचलों तक पहुंचेंगी, जहां मरीजों की जांच के साथ-साथ मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां, क्लोरीन की गोलियां और ओआरएस के पैकेट वितरित किए जाएंगे। गंभीर लक्षण दिखने वाले मरीजों को तुरंत बेहतर उपचार के लिए उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने, गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने, घर एवं आस-पास सहित जल स्रोतों को स्वच्छ रखने और किसी भी प्रकार के लक्षण दिखते ही नजदीकी स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई है।

### चार बालक छात्रावासों में 328 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**जगदलपुर, 27 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर स्थित विभिन्न बालक छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य पोषण और मौसमी बीमारियों से बचाव के उद्देश्य से शहरी स्वास्थ्य दल द्वारा आज शनिवार को एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत शहर के चार प्रमुख छात्रावासों में पहुंचकर कुल 328 छात्रों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच दल में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विराट तिवारी सहित शैलेंद्र सिंह सचिन वैद्य और मीना शामिल रहे, जिन्होंने प्रत्येक छात्रावास में उपस्थित बच्चों की शारीरिक जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और प्राथमिक उपचार प्रदान किया। शिविर के दौरान पंडित मोतीलाल नेहरू बालक छात्रावास में सर्वाधिक 164 छात्रों की जांच की गईए जिनमें से 22 छात्र सर्दी-खांसी, 2 उल्टी-दस्त और 3 बुखार से पीड़ित मिले। वहीं 23 बच्चों की जांच आरडी किट से की गईए जबकि 09 छात्रों में दृष्टि दोष पाए जाने पर उन्हें चश्मे के लिए चिन्हित किया गया। गंभीर व अन्य लक्षणों के आधार पर यहाँ के 16 विद्यार्थियों को बेहतर इलाज हेतु उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया।

### पिछले चौबीस घंटे में जगदलपुर में सर्वाधिक 316 मिमी. वर्षा हुई

**जगदलपुर 27 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफ़ान से बस्तर में पिछले चौबीस घंटे में जगदलपुर में सर्वाधिक 316 मिमी. वर्षा हो चुकी है। व्यापक वर्षा ने बस्तर संभाग के बड़े हिस्से के जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। इसके प्रभाव से नदी-नाले उफान पर आ गए हैं, तो शहरी इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है। दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे लगे दक्षिण अंदरूनी उड़ीसा के ऊपर अवदाब स्थित है तथा यह 15 किलोमीटर प्रति घंटे के गति से उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। उसके बाद इसके कमजोर होकर निम्नदाब के क्षेत्र के रूप में परिवर्तित होने के आसार हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक बरसात से कुल वर्षा 1123 मिमी. से अधिक हो चुकी है। लोहंडीगुड़ा में 230 मिमी., बास्तानार, नानगुर में 220मिमी., भानपुरी, मरदापाल में 210मिमी., तोकपाल, माकड़ी में 200मिमी., बस्तर, केशकाल में 190मिमी., बड़े बचेली में 180मिमी., कोहकामेट, अंतागढ़, मैनपुर, धनोरा, अमलीपदर, नारायणपुर, दरभा, ओरछा, बकावंड, छिंदगढ, कोंडागांव में में 170 मिमी.से 150 मिमी. तक वर्षा हुई है। इसके अलावा बस्तर के अन्य जिलों में 140 मिमी. से 100 मिमी. तक बारिश हुई है।

# बीजापुर में बारिश का कहर:एनएच-63 पर गिरा विशाल सागौन का पेड़,घंटों से जाम

- तेलंगाना-महाराष्ट्र जाने वाला मुख्य मार्ग ठप, दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार; बारिश के बीच यात्री परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 27 सितंबर।** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। महादेव घाटी के आगे शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक विशालकाय सागौन का पेड़ अचानक नेशनल हाईवे-63 पर गिर गया। पेड़ गिरने से मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।



NH-63 बीजापुर को तेलंगाना, महाराष्ट्र और भोपालपटनम क्षेत्र से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। सड़क बाधित होने के कारण यात्री बसों, मालवाहक वाहनों और अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गई है। कई यात्री और वाहन चालक घंटों से बारिश के बीच सड़क पर फंसे हुए हैं।

**बारिश के बीच घंटों फंसे यात्री**

लगातार बारिश के कारण सड़क पर फंसे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। कई भारी वाहन और यात्री बसें जाम में अटकी हुई हैं। मुख्य मार्ग पर आवागमन ठप होने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही बीजापुर कोतवाली पुलिस और जिला प्रशासन का अमला मौके पर पहुंच गया। प्रशासनिक टीम लगातार बारिश के बीच सड़क पर गिरे विशाल पेड़ को हटाने में जुटी हुई है। मार्ग को जल्द से जल्द साफकर यातायात बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

**युद्धस्तर पर पेड़ हटाने का काम**

प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रहकर यातायात व्यवस्था संभाल रही है। पेड़ हटने के बाद ही ह॥-63 पर आवागमन सामान्य होने की उम्मीद है। फिलहाल महादेव घाटी के पास वाहनों की लंबी कतार और जाम की स्थिति बनी हुई है।

### राहत शिविरों में स्वास्थ्य दलों ने बाढ़ पीड़ितों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**जगदलपुर, 27 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर में भारी बारिश के चलते उत्पन्न बाढ़ की स्थिति के बीच स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार बाढ़ प्रभावित नागरिकों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मैत्री सहित शहरी स्वास्थ्य विभाग की टीम और स्थानीय मितानिनों ने जगदलपुर शहर के विभिन्न राहत शिविरों का दौरा किया। स्वास्थ्य दल ने भगत सिंह वार्ड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भैरमगंज हायर सेकेंडरी स्कूल, पंचपथ तथा प्रवीरचंद्र वार्ड के पनारापारा हायर सेकेंडरी स्कूल में बने शिविरों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# सड़क समस्या को लेकर ड्राइवर संघ का चक्काजाम, व्यापारियों ने भी दिया साथ





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 27 सितंबर।** जिले में खराब सड़क और जगह-जगह बने गड्ढों की समस्या को लेकर पिछले दो दिनों से स्थानीय लोगों और व्यापारियों की ओर से आवाज उठाई जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को गीदम-दंतेवाड़ा मार्ग नेशनल हाईवे 163ए पर हारम में खराब सड़क के विरोध में ड्राइवर संघ की ओर से चक्का जाम किया गया। करीब घंटे भर हुए इस चक्का जाम में गीदम के कुछ स्थानीय व्यापारी और नागरिक भी शामिल हुए। चक्का जाम के दौरान सड़क की खराब स्थिति को लेकर नाराजगी जाहिर की गई और संबंधित विभाग से सड़क की समस्या का स्थायी समाधान किए जाने की मांग उठाई गई। प्रदर्शन में ड्राइवर संघ की सक्रिय भूमिका रही, वहीं व्यापारियों ने भी सड़क की स्थिति को अपने व्यापार और रोजमर्रा के आवागमन से जुड़ी समस्या बताते हुए अपना समर्थन दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे तहसीलदार को प्रदर्शनकारियों की ओर से ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से खराब सड़क और जगह-जगह बने गड्ढों की समस्या को जल्द दूर करने तथा सड़क की मरम्मत कर आवागमन को सुचारु बनाने की मांग की गई। लोगों ने सड़क की स्थिति को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द कार्रवाई की मांग रखी। इस दौरान ड्राइवर संघ ने चेतावनी भी दी है, ड्राइवर संघ के दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष मनीष पांडेय ने खराब सड़क को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि सड़क की स्थिति के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जिम्मेदार विभाग की ओर से जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं सड़क की समस्या को लेकर चल रहे इस विरोध के बीच व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राजेश गुप्ता भी व्यापारियों के बीच सक्रिय नजर आए। राजेश गुप्ता ने व्यापारियों के साथ सड़क की समस्या को लेकर चल रहे विरोध में अपनी सहभागिता दर्ज कराई और व्यापारियों की समस्याओं के साथ खड़े दिखाई दिए। राजेश गुप्ता का कहना है कि व्यापारियों से जुड़े मुद्दे केवल व्यक्तिगत व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं भी सीधे तौर पर व्यापार और आम लोगों के आवागमन को प्रभावित करती हैं। खास बात यह रही कि कुछ दिन पहले हुए सड़क हादसे में राजेश गुप्ता घायल भी हुए थे। उनके कान के पास चोट आई थी और जगदलपुर में उपचार के दौरान छोटा ऑपरेशन भी हुआ था। इसके बावजूद पिछले दो दिनों से वे सड़क की समस्या को लेकर व्यापारियों के बीच मौजूद रहे। दरअसल गीदम व्यापारी संघ के आगामी चुनाव को लेकर भी व्यापारियों के बीच गतिविधियां तेज हैं। हाल ही में हुई बैठक में राजेश गुप्ता ने व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी सामने रखी थी। ऐसे में सड़क की समस्या को लेकर व्यापारियों के बीच उनकी सक्रिय मौजूदगी को आगामी चुनाव के लिहाज से भी देखा जा रहा है। हालांकि, सड़क की समस्या को लेकर चल रही यह पहल किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। ड्राइवर संघ, स्थानीय व्यापारी और नागरिक सामूहिक रूप से सड़क की स्थिति में सुधार की मांग उठा रहे हैं। सड़क की खराब स्थिति का असर वाहन चालकों, व्यापारियों और आम लोगों के आवागमन पर पड़ रहा है। ऐसे में व्यापारी संघ की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि व्यापारियों और व्यापारिक क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को प्रशासन एवं संबंधित विभागों के सामने उठाने में संगठन की अहम भूमिका रहती है। राजेश गुप्ता की हालिया सक्रियता ने व्यापारी वर्ग के बीच यह चर्चा जरूर तेज कर दी है कि आने वाले व्यापारी संघ चुनाव में नेतृत्व के दावेदार किस तरह व्यापारियों के मुद्दों को सामने रखते हैं और उनके लिए कितनी सक्रियता से खड़े होते हैं। फिलहाल सड़क की समस्या को लेकर मांग है कि संबंधित विभाग खराब सड़क और गड्ढों की समस्या का स्थायी समाधान करे, ताकि वाहन चालकों, व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में राहत मिल सके।

## बीजापुर-जगरगुंडा सड़क मजबूतीकरण के लिए 18.94 करोड़ रुपए मंजूर

- जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी ने उप मुख्यमंत्री का जताया आभार
- 37.10 किमी सड़क का होगा मजबूतीकरण, बासागुड़ा क्षेत्र में बेहतर आवागमन की मिलेगी सुविधा, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 27 सितंबर।** बीजापुर-आवापल्ली-बासागुड़ा-जगरगुंडा मार्ग के मजबूतीकरण के लिए राज्य शासन ने 18 करोड़ 94 लाख 23 हजार रुपये की राशि मंजूर की है। इस राशि से करीब 37.10 किलोमीटर सड़क का मजबूतीकरण किया जाएगा। सड़क के लिए राशि स्वीकृत होने के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति का पत्र लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को जारी कर दिया है। लंबे समय से इस मार्ग के बेहतर और मजबूत होने की उम्मीद लगाए बैठे क्षेत्र के लोगों के लिए इसे महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

**गुणवत्ता से समझौता नहीं, समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश:** राज्य शासन ने निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और पूरे काम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निविदा प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी करने और निर्माण कार्य में मितव्ययिता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने निर्माण एजेंसी को अनुबंधित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। अनावश्यक रूप से समय-सीमा बढ़ाने पर भी रोक लगाई गई है। केवल अपरिहार्य और नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों में सक्षम अधिकारी की अनुमति से समय-सीमा बढ़ाई जा सकेगी।

**'हजारों लोगों को मिलेगा फायदा: शंकरैया माड़वी :** क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी ने सड़क मजबूतीकरण के लिए राशि स्वीकृत होने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित केंद्र और राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सड़क के मजबूत होने से उसूर क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी। बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क मजबूतीकरण की स्वीकृति से क्षेत्रवासियों में उत्साह है और लंबे समय से अपेक्षित सड़क सुधार की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राज्य के सुदूर आंचलों में विकास के प्रतिबद्ध है।

## मानव सेवा ही माधव सेवा: बाढ़ पीड़ितों की मदद में आगे आया दिगंबर जैन समाज

**जगदलपुर, 27 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भीषण बाढ़ की आपदा के बीच, दिगंबर जैन समाज (जगदलपुर) ने हमेशा की तरह अपनी मानवीय संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया है। जिला प्रशासन एवं नगर निगम के कुशल निर्देशन में, समाज के कर्मठ सदस्यों द्वारा भगत सिंह स्कूल, जगदलपुर में सेवा कार्य का मोर्चा संभाला गया। सेवा कार्य की मुख्य झलकियां: भोजन एवं नाश्ता व्यवस्था: बाढ़ से प्रभावित भाई-बहनों और परिवारों के लिए शुद्ध एवं पौष्टिक नाश्ते और भोजन का प्रबंध किया गया। राहत सामग्री का वितरण: पीड़ित एवं जरूरतमंद परिवारों तक त्वरित रूप से आवश्यक सहायता सामग्री पहुंचाई गई। संकट में संबल: इस कठिन समय में प्रभावित लोगों के साथ खड़े होकर समाज ने उन्हें ढांढस बंधाया।जीव दया एवं मानव सेवा ही सच्चा धर्म है। भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलते हुए, समाज भविष्य में भी ऐसी आपदाओं में अपनी सहभागिता निभाने के लिए सदैव तत्पर है।



## शिक्षक के भाजपा प्रवेश पर कांग्रेस का कड़ा विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 27 सितंबर।** बीजापुर में शिक्षक के.डी. राय के भाजपा की सदस्यता लेने के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष लालू राठौर ने इस पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि यदि कोई शिक्षक शासकीय सेवा में रहते हुए किसी राजनीतिक दल की सदस्यता लेता है, तो यह सेवा नियमों के दायरे में जांच का विषय है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष लालू राठौर के अनुसार, के.डी. राय ने 22 सितंबर को भाजपा कार्यालय बीजापुर में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि संबंधित शिक्षक अभी भी शासकीय सेवा में हैं, तो क्या वे किसी राजनीतिक दल की सदस्यता ले सकते हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से सेवा नियमों की रोशनी में पूरे मामले की जांच कराने की मांग की।



**डीईओ बोले—जुलाई में सेवानिवृत्ति, सत्रांत तक सेवा विस्तार**

मामले में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश पांडे ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि शिक्षक के.डी. राय जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन शासन के निर्देशानुसार उनकी सेवा अवधि सत्रांत तक बढ़ाई गई है। डीईओ ने कहा कि संबंधित शिक्षक से पत्राचार कर वास्तविक स्थिति की जानकारी ली जाएगी। जवाब मिलने के बाद मामले की जांच गठित की जाएगी।

**कांग्रेस ने कार्रवाई न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

लालू राठौर ने कहा कि शिक्षक जैसे शासकीय पद पर रहते हुए राजनीतिक दल की सदस्यता लेने का मामला गंभीर है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में सेवा नियमों का उल्लंघन सामने आता है, तो संबंधित व्यक्ति के साथ-साथ मामले में जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका भी तय की जानी चाहिए।

**विभागीय जांच पर टिकी नजरें**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि मामले में नियमानुसार कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। अब पूरे मामले में विभागीय जांच और शिक्षक के जवाब के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात जिला शिक्षा विभाग ने कही है।

## टीबीमुक्त बीजापुर के लिए अब तक 36,276 लोगों की स्क्रीनिंग



- उच्च जोखिम वाले लोगों की हैंडहेल्ड एक्स-रे से जांच, समय पर उपचार पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 26 सितंबर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बीजापुर जिले में क्षय रोग की पहचान, उपचार और संक्रमण की रोकथाम के लिए व्यापक स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक जिले में 36,276 लोगों की टीबी लक्षण आधारित स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

अभियान में चयनित विकासखंड उसूर सहित जिले के अन्य विकासखंडों में सामान्य आबादी की स्क्रीनिंग की जा रही है। जांच के दौरान टीबी से संबंधित लक्षण पाए जाने पर लोगों को चिन्हांकित कर आगे की आवश्यक जांच और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा रहा है।

**उच्च जोखिम समूह की एक्स-रे जांच**

टीबी संक्रमण की दृष्टि से उच्च जोखिम वाले लोगों की पहचान कर उनकी हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से छाती की जांच की जा रही है। इससे संभावित टीबी मरीजों की जल्द पहचान करने और समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है।

**2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्ष 2030 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जिले में बीमारी की शीघ्र पहचान, समयबद्ध उपचार और संक्रमण की रोकथाम पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य टीबी के नए मामलों और इससे होने वाली मृत्यु में कमी लाना है।

मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ बीआर पुजारी ने लोगों से अपील की है कि लंबे समय तक खांसी, बुखार, वजन कम होना या रात में पसीना आने जैसे लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। समय पर जांच और उपचार से टीबी को नियंत्रित किया जा सकता है।

# इंद्रावती के उस पार 7 दिनों से फंसे पटवारी-कर्मचारी

- 80 किमी पैदल सर्वे के बाद बिगड़ी तबीयत, पैर में संक्रमण; दो कर्मचारी बुखार से परेशान
- तेज बहाव के कारण टीम भी नहीं कर पा रही रेस्क्यू, हेलीकॉप्टर से सुरक्षित निकालने की उठी मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 27 सितंबर।** जिले में इंद्रावती नदी के उस पार कुटरू तहसील क्षेत्र के गुट्टमंगी-कोड़का इलाके में DCS सर्वे के लिए गए पटवारी-कर्मचारियों की टीम पिछले सात दिनों से फंसी हुई है। नदी में तेज बहाव के चलते टीम की वापसी मुश्किल हो गई है। करीब 80 किलोमीटर पैदल सर्वे करने के बाद एक पटवारी के पैर में चोट के साथ संक्रमण हो गया है, जबकि दो अन्य कर्मचारियों के बुखार से पीड़ित होने की जानकारी सामने आई है।

बताया गया है कि दो पटवारी, चैनमैन और सर्वेयरों की टीम छ्ष्ट्स सर्वे के सिलसिले में नदी पार कर गुट्टमंगी क्षेत्र पहुंची थी। लगातार कई दिनों तक पैदल सर्वे करने के बाद पटवारी हरिशंकर यालम के पैर में चोट लगने के बाद संक्रमण की स्थिति बन गई। वहीं, दो कर्मचारियों की तबीयत भी बुखार के कारण खराब बताई जा रही है। प्रभावित कर्मचारियों को फिलहाल समुचित दवा और चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है।



**राशन खत्म, बिजली बंद; छोटे सोलर पैनल से मोबाइल चार्ज**

फंसे कर्मचारियों के सामने अब भोजन और संचार का संकट भी खड़ा हो गया है। क्षेत्र में राशन खत्म होने की जानकारी सामने आई है। बिजली व्यवस्था नहीं होने के कारण एक छोटे सोलर पैनल से मोबाइल चार्ज कर किसी तरह संपर्क बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। कमजोर मोबाइल नेटवर्क के कारण लगातार संपर्क में भी दिक्कत आ रही है।

इधर, इंद्रावती नदी में तेज बहाव होने के कारण स्ठ्ठक्र्रस्न की टीम के लिए भी रेस्क्यू ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण बताया जा रहा है। नदी के दोनों ओर जलस्तर और तेज धार के चलते कर्मचारियों को बाहर निकालने में परेशानी हो रही है।

**धान की फसल को भी भारी नुकसान**

गुट्टमंगी और कोड़का क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचने की बात भी सामने आई है। ग्रामीणों और फंसे कर्मचारियों की स्थिति को देखते हुए तत्काल प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

**हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू की मांग**

बाढ़ और तेज नदी बहाव के बीच कर्मचारियों की बिगड़ती सेहत को देखते हुए तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाने की मांग उठी है। स्थानीय स्तर पर यह भी मांग की जा रही है कि यदि जमीनी या नदी मार्ग से रेस्क्यू संभव नहीं है तो जरूरत पड़ने पर हेलीकॉप्टर की मदद से सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए। प्रशासन से मांग की गई है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर स्तर पर तत्काल समन्वय कर फंसे पटवारी-कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालने और बीमार कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।

# बारिश के बीच अमलोर में विधायक रोहित साहू ने दी विकास कार्यों की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा,27 सितंबर।** गणेशोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम अमलोर विकास की नई सौगातों से सराबोर हो गया। शुक्रवार को आयोजित विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू ने उपस्वास्थ्य केंद्र एवं सीसी रोड का भूमिपूजन तथा टीना शेड का लोकार्पण किया। एक ही कार्यक्रम में स्वास्थ्य, सड़क और सार्वजनिक सुविधा से जुड़े कार्यों की शुरुआत से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरा अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने की।

### आतिशबाजी और रावत नाचा से हुआ जोरदार स्वागत

विधायक रोहित साहू के अमलोर पहुंचते ही ग्रामीणों ने उत्साह और उमंग के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। जोरदार आतिशबाजी और पारंपरिक रावत नाचा ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। गांव की गलियों में गूंजती आतिशबाजी और रावत नाचा की प्रस्तुति के बीच ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस दौरान ग्रामीणों में विकास कार्यों को लेकर खासा उत्साह नजर आया।कार्यक्रम में जिला पंचायत गरियाबंद के कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य सभापति लेखराज ध्रुव तथा भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं जनपद सदस्य भेषमती/रूपसिंह साहू, जनपद सदस्य विष्णु नागेश, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं साहू समाज सौरीद परिषद अध्यक्ष रूपसिंह साहू, भाजपा मंडल खड़मा अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, फणीकेश्वर विद्यालय अध्यक्ष राजू साहू, सरपंच पुरुष राम ध्रुव, उपसरपंच दशरथ लाल बरिहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि वे एक गरीब किसान-मजदूर परिवार से आते हैं और स्वयं पंच, सरपंच तथा जिला पंचायत सदस्य के रूप में जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जब किसी व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि चुनते हैं तो उनसे गांव के विकास और समस्याओं के समाधान की उम्मीद रखते हैं।अपने जनप्रतिनिधि जीवन के अनुभव साझा करते हुए विधायक ने कहा कि जब वे सरपंच थे, तब विकास कार्यों की मांग लेकर विधायक और मंत्रियों के निवास के चक्कर लगाने पड़ते थे। कई बार लगातार प्रयास करने के बाद विकास कार्य स्वीकृत हो पाते थे। उन्होंने कहा कि उस दौर में जनप्रतिनिधियों को होने वाली परेशानियों को उन्होंने स्वयं महसूस किया है, इसलिए आज पंच, सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को वे अच्छी तरह समझते हैं।

उन्होंने कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव तक विकास पहुंचाना उनका संकल्प है और जनता के आशीर्वाद से क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की अनेक पंचायतों में लाखों रुपये के विकास कार्य वर्तमान में चल रहे हैं।

### 'कोई पात्र गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित नहीं रहेगा'

विधायक रोहित साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई है। सरकार बनने के बाद गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने का काम जारी है।

उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रदेश का कोई भी पात्र गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित न रहे। ग्रामीण विकास और गरीबों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा लगातार योजनाओं को जमीन पर उतारा जा रहा है।

विधायक ने बताया कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के घाटखाले और छुरा क्षेत्र में करीब 200 करोड़ रुपये के जलावर्धन कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से किसानों को लाभ मिलने के साथ कृषि गतिविधियों को मजबूती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

### अमलोर के खाते में विकास कार्यों की कई सौगातें

कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू ने अमलोर में विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा भी की। इनमें सीसी रोड, महिला सामुदायिक भवन, शीतला मंदिर के पास टीना शेड, यादव समाज के लिए 10 हजार रुपये, गणेश समिति के लिए 15 हजार रुपये, मुक्तिधाम एवं यात्री प्रतीक्षालय सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं।

विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। सड़क, भवन, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार गांवों की जरूरत के अनुसार किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### व्यवसायी अजय जैन ने जन्मदिन पर उच्च प्राथमिक शाला कड़तीपारा गीदम में कराया न्योता भोज



**गीदम, 27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संकुल केंद्र गीदम अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कड़तीपारा में स्थानीय प्रतिष्ठित व्यवसायी अजय जैन ने अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों के बीच सादगी और सेवाभाव के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को सुरुचिपूर्ण भोजन कराया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ विशेष रूप से मिठाई और आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। जन्मदिन के इस विशेष आयोजन और उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई और वे बेहद उत्साहित नजर आए।इस पुनीत कार्य पर प्रधान अध्यापक सरिता जैन, शिक्षक शिवराम वेक एवं समस्त शाला परिवार ने अजय जैन एवं उनके परिवार का आत्मीय आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा विद्यालय में इस तरह के आयोजनों से बच्चों में अपनत्व का भाव बढ़ता है और समाज व शिक्षा के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण होता है।इस अवसर पर संकुल प्राचार्य अवधेश अवस्थी व संकुल समन्वयक योगेश सोनी ने व्यवसायी अजय जैन की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत प्रसंगों को शासकीय शाला के बच्चों के साथ साझा करना अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी प्रयास है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं शाला प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे।

### महतारी वंदन योजना की राशि से बेटी के भविष्य को संवार रही नीता वर्मा

**रायगढ़, 27 सितम्बर ।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं परिवारों को आर्थिक संबल देने के साथ उनके भविष्य की बेहतर योजना बनाने में भी मददगार बन रही हैं। ऐसी ही एक सेवा की कहानी नीता वर्मा की है, जो महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि को अपनी बेटी के भविष्य के लिए सुरक्षित कर रही हैं।



नीता वर्मा बताती हैं कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि बेटी का प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना में खाता है, जिसमें मैं महतारी वंदन से मिलने वाली पूरी राशि जमा कर देती हूँ इस तरह योजना से मिलने वाली सहायता का उपयोग मैं बेटी के भविष्य के लिए नियमित बचत के रूप में कर रही हैं।नीता वर्मा ने कहा कि शासन की इस पहल से उन्हें अपनी बेटी के भविष्य के लिए अभी से बचत करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने वाली योजनाएं परिवार के लिए उपयोगी साबित हो रही हैं।महतारी वंदन योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें अपनी आवश्यकताओं और परिवार की जरूरतों के संबंध में अधिक प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाना है। वित्तीय सहायता मिलने से महिलाओं को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है। योजना के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के साथ उनके आश्रित बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर भी सकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता और जागरूकता की कमी को दूर करने की दिशा में भी यह पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### चक्रधर समारोह की 8वीं संध्या में गूंजा 'वंदे मातरम', नृत्य नाटिका में स्वतंत्रता संग्राम की प्रभावी प्रस्तुति

**रायगढ़, 27 सितम्बर।** चक्रधर समारोह की 8वीं संध्या में संस्कार कला संघ, जबलपुर द्वारा 'वंदे मातरम की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। नृत्य, अभिनय, संगीत और संवाद के माध्यम से कलाकारों ने स्वतंत्रता संग्राम और क्रांतिकारियों के त्याग व बलिदान की गाथा को मंच पर जीवंत किया।नृत्य नाटिका में दिखाया गया कि किस तरह 'वंदे मातरम' स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति का स्वर बना। क्रांतिकारियों द्वारा मातृभूमि की आजादी के लिए किए गए संघर्ष और बलिदान के प्रसंगों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। साथ ही 'वंदे मातरम की रचना और उसके ऐतिहासिक महत्व को भी नाटिका के माध्यम से सामने रखा गया। प्रस्तुति के जरिए दर्शकों को स्वतंत्रता संग्राम के दौर की भावनाओं से जोड़ने के साथ नई पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और देशभक्ति से परिचित कराने का संदेश दिया गया। नृत्य नाटिका का निर्देशन कमलेश यादव ने किया। इसमें संस्कार कला संघ, जबलपुर के 18 कलाकारों ने सहभागिता की।

### सोनू गुप्ता एवं ग्रुप ने छत्तीसगढ़ की लोक रंग की छटा बिखेरी

**रायगढ़, 27 सितम्बर।** 41वें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह-2026 की सांस्कृतिक संध्या में रायगढ़ के सुप्रसिद्ध सोनू गुप्ता एवं ग्रुप ने अपनी मनमोहक लोक संगीत प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ी लोक कला, लोक रंग और लोक संस्कृति की समृद्ध छटा बिखेरी। 10 कलाकारों के दल ने पारंपरिक लोकधुनों और सुमधुर गायन के माध्यम से दर्शकों को छत्तीसगढ़ की मिट्टी से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत अनुभव कराया।करीब 20 वर्षों से लोक कला के क्षेत्र में सक्रिय गुरतुर लोक कला मंच छत्तीसगढ़ के साथ ही ओडिशा और मध्यप्रदेश में भी अपनी प्रस्तुतियां दे चुका है। मंच के मुख्य गायक सोनू गुप्ता ने अपनी गायिकी और लोक कला के माध्यम से रायगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को प्रदेश और देश के विभिन्न मंचों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।समारोह में सोनू गुप्ता एवं ग्रुप के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक संगीत और लोक संस्कृति से जुड़ी विविध प्रस्तुतियां दीं। गायन, वादन और लोकधुनों के सुंदर संयोजन ने समारोह स्थल को छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग में रंग दिया।

## एक नजर

### सेवा-संवेदनशीलता की मिसाल बनी स्वास्थ्य योजनाएं भगत राम पटेल की पत्नी के कैंसर का हुआ उपचार

**रायगढ़, 27 सितम्बर।** रायगढ़ के छोटे अतरमुड़ा निवासी भगत राम पटेल के परिवार के लिए शासन की स्वास्थ्य योजनाएं सेवा-संवेदनशीलता के रूप में मिसाल बनकर सामने आया। उनकी पत्नी के स्तन कैंसर के उपचार में पहले आयुष्मान भारत योजना के तहत सर्जरी हुई और आगे के उपचार के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से करीब 8 लाख रुपये की सहायता मिली। इससे महंगे इलाज के बीच परिवार को बड़ी आर्थिक राहत मिली और उपचार लगातार जारी रह सका। भगत राम पटेल की पत्नी के स्तन में गांठ की शिकायत होने पर परिवार उन्हें मेडिकल कॉलेज रायगढ़ लेकर पहुंचा। प्रारंभिक जांच में कैंसर की आशंका सामने आने पर चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल (मेकाहारा) रेफर किया। रायपुर में विस्तृत जांच के बाद स्तन कैंसर की पुष्टि हुई। कैंसर की जानकारी मिलते ही परिवार के सामने बीमारी के साथ इलाज के खर्च की चिंता भी खड़ी हो गई। सर्जरी के बाद कीमोथेरेपी और लगातार उपचार की आवश्यकता थी, जिसका खर्च परिवार के लिए बड़ी चुनौती था।मरीज का उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत शुरू हुआ और सर्जरी कराई गई। इसके बाद आगे के उपचार और कीमोथेरेपी के लिए चिकित्सकों के मार्गदर्शन में उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से जोड़ा गया। इस योजना के तहत गंभीर एवं दुर्लभ बीमारियों के उपचार के लिए पात्र मरीजों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। भगत राम पटेल के अनुसार, उनकी पत्नी के उपचार के लिए अब तक करीब 8 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत होकर मिल चुकी है। इससे आगे का उपचार बिना आर्थिक बाधा के जारी रह सका।पत्नी के इलाज के दौरान मिले सहयोग को याद करते हुए भगत राम पटेल भावुक हो उठे। उन्होंने कहा, ÷बीमारी का पता चलने के बाद हम बहुत चिंतित थे। इलाज का खर्च हमारी क्षमता से बाहर था। अगर सरकार की योजनाओं का सहारा नहीं मिलता तो पत्नी के इलाज के लिए जमीन बेचने या भारी कर्ज लेने की नौबत आ सकती थी। आयुष्मान योजना से सर्जरी हो सकी और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से आगे का इलाज जारी है। इस मदद ने हमारे परिवार को बहुत बड़ा संबल दिया है। उन्होंने कठिन समय में साथ देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 5 लाख गरीब परिवारों को राशन से वंचित रखना साय सरकार की प्रशासनिक विफलता : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,27 सितंबर।** प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार की गरीब विरोधी नीति और प्रशासनिक लाचारी एक बार फिर उजागर हो गई है। महासमुंद जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ में सितंबर 2026 के अंत तक लगभग 25.45 लाख राशन कार्डधारी परिवारों को चावल का वितरण नहीं हो पाया है। इस गंभीर विषय को लेकर पूर्व संसदीय सचिव एवं महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने इसे सरकारी उदासीनता और प्रशासनिक लचरता का परिणाम बताया है।चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार दो माह का राशन एक साथ देने का प्रचार कर वाहवाही लूटने में लगी है वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत यह है कि गरीब बीपीएल परिवारों को महीने के अंतिम दिनों तक भी राशन नहीं मिल रहा है। सरकार के दावों और हकीकत में जमीन आसमान का अंतर है। समय पर राशन दुकानों में पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित नहीं किया गया। जिसके कारण वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 30 सितंबर तक दो माह का राशन वितरण किया जाना था लेकिन महासमुंद जिले में ही लगभग 40 प्रतिशत हितग्राहियों को अब तक चावल का आबंटन नहीं हुआ है, और पूरे प्रदेश में भी यही स्थिति बनी हुई है। 25 लाख से अधिक परिवार राशन के लिए भटक रहे हैं। तय समय सीमा की अंतिम तिथि नजदीक आते ही हितग्राहियों में भारी संशय और आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई है। अछोली, मचेवा, मानपुर सहित जिले के दर्जनों गांवों में भंडारण नहीं होने से ग्रामीणों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। चंद्राकर ने आगे कहा कि केवल चावल ही नहीं बल्कि शक्कर भी पिछले कई महीनों से राशन दुकानों से गायब है। गरीब परिवारों को मजबूरी में बाजार से महंगे दामों पर शक्कर खरीदनी पड़ रही है। जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। यह सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने मांग की है कि सरकार तत्काल चावल वितरण की तिथि आगे बढ़ाए और सभी उचित मूल्य की दुकानों में युद्धस्तर पर पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करे ताकि कोई भी गरीब परिवार राशन से वंचित न रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और जनभागीदारी को मिल रहा बढ़ावा

# सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 7 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 27 सितम्बर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों को समुदाय से जोड़ते हुए बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण, स्वास्थ्य और विभागीय योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र मौहारीपारा, खैरपुर-1, खैरपुर-2, टीपाखोल, लाखा एवं जोबी-2 सहित जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता के बीच आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों का सम्मान किया गया। गर्भवती माताओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन, स्वस्थ शिशु एवं माता का सम्मान तथा बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। आंगन मिलन सेवा के दौरान 'हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा' अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों और घरों में मुनगा पौधे लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही पौष्टिक थाली का प्रदर्शन कर स्थानीय एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक भोजन में शामिल करने की जानकारी दी गई। हितग्राहियों को महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

विभिन्न केंद्रों में बच्चों के लिए चित्रकला एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, किशोरियों के लिए रंगोली तथा महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता के साथ कुर्सी दौड़ और चम्मच दौड़ जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों को प्रशस्ति पत्र, श्रीफल एवं नारियल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रमों में न्योता भोज के माध्यम से बच्चों एवं उपस्थित हितग्राहियों को भोजन कराया गया। विभिन्न केंद्रों पर खीर, पूरी, फल सहित पौष्टिक भोजन परोसा गया। साथ ही बच्चों एवं माताओं के पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक जानकारी साझा की गई।महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आंगन मिलन उत्सव के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता के केंद्र के रूप में मजबूत किया जा रहा है। जिले में 7 अक्टूबर तक विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा के आयोजन जारी रहेंगे।

# 'आंगन मिलन सेवा' में साझा कर रहे हितग्राही अपने अनुभव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 सितम्बर ।** शासन की योजनाओं का लाभ जब जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचता है, तो उसका असर घर की छोटी-छोटी जरूरतों से लेकर आत्मविश्वास तक दिखाई देता है। सेवा संकल्प अभियान के 'आंगन मिलन सेवा' में हितग्राही अपने अनुभव साझा करते हुए बता रहे हैं कि किस तरह शासन की योजनाएं उनके जीवन को आसान बना रही हैं।

महतारी वंदन योजना से लाभान्वित विकासखंड धरमजयगढ़ के बाईसी कॉलोनी ढाडीपारा निवासी श्रीमती दीपा मंडल के लिए हर माह मिलने वाली एक हजार रुपये की राशि ऐसा ही आर्थिक सहारा बनी है, जिससे वे अपनी जरूरत की चीजें अब स्वयं खरीद पा रही हैं। दीपा मंडल बताती हैं कि योजना के तहत मिलने वाली राशि से वे घर-गृहस्थी की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करती हैं। अपनी जरूरत के अनुसार सामान खरीदने के लिए अब उन्हें किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। उनके लिए यह राशि आर्थिक मदद के साथ अपने फैसले स्वयं लेने का आत्मविश्वास भी दे रही है।



### शासन के प्रति जताया आभार

महतारी वंदन योजना से मिल रहे इस आर्थिक संबल के लिए दीपा मंडल ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि महिलाओं को हर माह मिलने वाली यह राशि उनके लिए काफी उपयोगी है। इससे वे अपनी जरूरतों को स्वयं पूरा कर पा रही हैं और परिवार की छोटी-छोटी आवश्यकताओं में भी अपना योगदान दे रही हैं। सेवा संकल्प अभियान का 'आंगन मिलन सेवा' इसी उद्देश्य के साथ हितग्राहियों से संवाद कर रहा है, ताकि शासन की योजनाओं से लोगों के जीवन में आ रहे बदलाव और उनके अनुभव सामने आ सकें।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया जा रहा आंगन मिलन सेवा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी माताओं, बच्चों और समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य तथा महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में 'मेरी पौष्टिक थाली' और पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

### तेज बहाव में बही कार, दो लोगों ने कूदकर बचाई जान

**अंवरी, 27 सितंबर।** अंवरी अंचल सहित पुरे जिले पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं और कई स्थानों पर पुल-पुलियों व सड़कों के ऊपर से पानी बह रहा है। इसी बीच जोरातराई (अ)-सिंगदेही पुल के पास एक कार पानी के तेज बहाव में बह गई। हालांकि कार सवार दो लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार रायपुर जिले के ग्राम सलोनी निवासी मदन पाल अपने एक दोस्त के साथ कार से अपने रिश्तेदार के घर जोरातराई (अ) आया था। शनिवार को दोनों कार से वापस अपने गांव लौट रहे थे।

# भू-अर्जन मुआवजे के ऑनलाइन भुगतान से किसानों को बड़ी सहूलियत

**रायगढ़, 27 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मार्गदर्शन में राज्य शासन द्वारा सुशासन, पारदर्शिता और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा रहा है। इसी क्रम में रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा भू-अर्जन मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाइन और सुविधाजनक बनाया गया है। इसके तहत भू-अर्जन से प्रभावित किसानों को मुआवजा, पुनर्वास एवं बोनस की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। इससे किसानों को चेक प्राप्त करने और उसे बैंक में जमा कराने की प्रक्रिया से राहत मिली है।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के नेतृत्व में रायगढ़ अनुविभाग में यह व्यवस्था 26 सितंबर 2025 से लागू की गई। इसके बाद से भू-अर्जन से संबंधित भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया जा रहा है। 21 सितंबर 2026 तक कुल 901 किसानों को 30 करोड़ 34 लाख 77 हजार 902 रुपये की राशि ऑनलाइन अंतरित की जा चुकी है।प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मुआवजा भुगतान के अंतर्गत 391 किसानों को 20 करोड़ 67 लाख 53 हजार 163 रुपये, जबकि पुनर्वास एवं बोनस के अंतर्गत 510 किसानों को 9 करोड़ 67 लाख 24 हजार 739 रुपये का भुगतान किया गया है। इस प्रकार दोनों मदों में मिलाकर 901 किसानों को 30 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचाई गई है।

### चेक से ऑनलाइन भुगतान तक बदली व्यवस्था

पूर्व में भू-अर्जन से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान चेक के माध्यम से किया जाता था। चेक प्राप्त करने के बाद उसे बैंक में जमा कराने और भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने तक किसानों को बैंक के चक्कर लगाने पड़ते थे। ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था लागू होने के बाद यह प्रक्रिया सरल हो गई है। अब स्वीकृत राशि सीधे किसान के बैंक खाते में अंतरित होने से समय की बचत के साथ भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता भी बढ़ी है। इस व्यवस्था से किसानों को भुगतान प्राप्त करने के लिए बार-बार कार्यालय और बैंक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। सीधे बैंक खाते में राशि पहुंचने से भू-अर्जन भुगतान की प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक और पारदर्शी बनी है।

### किसानों ने कहा-अब बिना परेशानी सीधे खाते में मिल रही राशि

ग्राम कोतासुरा के किसान टंकधर मालाकार ने बताया कि भू-अर्जन मुआवजा वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था किसानों के लिए काफी सुविधाजनक है। पहले की तुलना में अब मुआवजा राशि आसानी से प्राप्त हो रही है।

# गीदम के कड़तीपारा में 3.75 करोड़ की लागत से बनेगा बहुप्रतीक्षित पुल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 27 सितम्बर ।** नगर पंचायत गीदम के कड़तीपारा में वर्षों से लंबित पुल निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। पुल निर्माण के लिए करीब 3 करोड़ 75 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बताया कि अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद से ही गीदम नगर की वास्तविक जरूरतों को समझकर विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल को अभी करीब डेढ़ वर्ष ही हुआ है और इस दौरान नगर की जरूरी सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों को आगे बढ़ाया गया है। अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बताया कि कड़तीपारा पुल के साथ-साथ गीदम में करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से मटन मार्केट, विद्यार्थियों के लिए करीब 4 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से नालंदा परिसर, रामदेव मोबाइल से मस्जिदपारा तक करीब 70 लाख रुपये की लागत से सड़क और नाली निर्माण जैसे कार्य भी प्राथमिकता में हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य की जल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए करीब 90 लाख रुपये की लागत से सम्पवेल और पाइपलाइन का कार्य भी आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं बाढ़ से क्षतिग्रस्त मुक्तिधाम के पुनर्निर्माण का काम प्रगति पर है। नगर के अलग-अलग वार्डों में सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य भी लगातार किए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 12 में महिला जिम की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही निर्माण शुरू होगा।कड़तीपारा पुल की स्वीकृति को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने विधायक चैतराम अटामी के प्रयासों का भी उल्लेख किया। अध्यक्ष के अनुसार, क्षेत्र की इस लंबे समय से चली आ रही जरूरत को विधायक ने गंभीरता से लिया और शासन स्तर पर प्रयास किए, जिसके बाद पुल के लिए करीब 3 करोड़ 75 लाख रुपये की स्वीकृति मिली। उन्होंने इसके लिए विधायक का आभार भी व्यक्त किया। पुल निर्माण की स्वीकृति को नगर के विकास से जुड़े कार्यों के क्रम में देखा जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की जनहित और विकास को प्राथमिकता देने वाली नीति के तहत ऐसे जरूरी कार्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के लोगों के सहयोग से गीदम में विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया जा रहा है।कड़तीपारा पुल बनने से महंगूपारा, परपापारा, जोड़ातराई, बुर्गुम, घोटपाल, नागुल, हिड़पाल, बारसूर, हारला और मेटाकोण्डा सहित आसपास के कई गांवों का गीदम से आवागमन आसान होने की उम्मीद है। इससे लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार से जुड़ी गतिविधियों के लिए आने-जाने में सुविधा मिलेगी। अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि विकास का उद्देश्य केवल बड़े कार्य कराना नहीं है, बल्कि नगर के हर वार्ड की जरूरत को समझकर चरणबद्ध तरीके से काम करना है। उन्होंने कहा कि यह विकास यात्रा की शुरुआत है और आगे भी नगर की प्राथमिक जरूरतों के अनुसार कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कड़तीपारा पुल की स्वीकृति के लिए विधायक चैतराम अटामी, छत्तीसगढ़ शासन, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों के सहयोग के प्रति आभार जताया। लंबे समय से पुल की मांग को उठाने वाले वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनकूराम लेकामी सहित ग्रामीणों के सहयोग का भी उन्होंने आभार जताया । अध्यक्ष ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, मजबूती और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाएगी। उनका कहना है कि कड़तीपारा का यह पुल केवल आवागमन का साधन नहीं होगा, बल्कि गीदम और आसपास के गांवों को जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## एक नजर

### सेवा संकल्प अभियान के तहत शिविर तीन अक्टूबर को

**भखारा 27 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जनकल्याण योजनाओं को आम तक पहुंचाने एवं जन समस्या का निवारण करने तीन अक्टूबर को शिविर का अयोजन किया जाएगा। यह शिविर वार्ड एक से15 तक के लिए गांधी मांगलिक भवन वार्ड आठ में लगेगा। समय सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक रहेगा। नोडल अधिकारी उपअभियंता श्रीमती ज्योति साहू तथा सहायक नोडल अधिकारी सहायक राजस्व निरीक्षक संजय साहू होंगे।

### एनएसई ने ईजीआर को बढ़ावा देने के लिए ऑगमोंट को प्रमुख साझेदार बनाया

**रायपुर 27 सितंबर।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने ऑगमोंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सब्सिडियरी ऑगमोंट गोल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड को इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख साझेदार के रूप में पैनल में शामिल किया है। साझेदारी का उद्देश्य फिजिकल गोल्ड को श्वत्रक में और श्वत्रक को दोबारा फिजिकल गोल्ड में बदलने की प्रक्रिया को आसान बनाना तथा श्वत्रक में ट्रेडिंग को बढ़ावा देना है। NSE के अनुसार, इससे गोल्ड ट्रेडिंग में पारदर्शिता, बेहतर प्राइस डिस्कवरी और बाजार में भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। ऑगमोंट अपने गोल्ड रिफाइनिंग, सोर्सिंग और डिस्ट्रीब्यूशन के अनुभव के जरिए श्वत्रक इकोसिस्टम को तकनीकी और जमीनी स्तर पर सहयोग देगा।

### झांकी उत्सव को भव्य बनाने मैदान में उतरे महापौर मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव 27 सितंबर।** संस्कारधानी की ऐतिहासिक झांकी को लेकर महापौर मधुसूदन यादव की संवेदनशीलता और तत्परता की शहरभर में प्रशंसा हो रही है। झांकियों के सुगम भ्रमण के लिए उन्होंने स्वयं संज्ञान लेते हुए पूरे मार्ग में पेड़ों की डालियों की छंटाई का कार्य तेजी से पूरा करवाया, जिससे समितियों और कलाकारों को बड़ी राहत मिली है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिए महापौर की विशेष निगरानी में पूरे झांकी मार्ग पर सफाई और शुद्ध पेयजल की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। जमीनी स्तर पर उतरकर हर छोटी-बड़ी जरूरत का ध्यान रखने की महापौर की इस कार्यशैली को नागरिक और झांकी समितियां खूब सराह रही हैं।

### लोक निर्माण विभाग के सचिव ने सड़क एवं सेतु निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**रायपुर, 27 सितंबर।** लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल ने रायपुर परिक्षेत्र के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित निर्माण भवन में आयोजित बैठक में रायपुर शहर के प्रमुख मार्गों सहित प्रगतिरत एवं प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों, आरओबी, आरयूबी एवं फ्लाईओवर निर्माण की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राजधानी रायपुर के प्रमुख मार्गों के उन्नयन, चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण एवं विद्युतीकरण कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। विभागीय सचिव श्री बंसल ने अधिकारियों को प्रस्तावित कार्यों के प्राक्कलन शीघ्र प्रस्तुत करने, प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने तथा स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने रायपुर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने तथा महत्वपूर्ण अधोसंरचना विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया।

### दमदार प्रदर्शन से तजिंदरपाल सिंह तूर ने बढ़ाया भारत का मान, एशियन गेम्स में जीता रजत पदक

**रायपुर, 27 सितंबर।** वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने एशियन गेम्स 2026 की पुरुष शॉट पुट स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर भारतीय एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री चौधरी ने कहा कि तजिंदरपाल सिंह तूर ने अपने शानदार प्रदर्शन, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि तजिंदरपाल सिंह तूर की सफलता देश के युवा खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत करते हुए बड़े लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा देगी। भारतीय खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय मंच पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन देश की बढ़ती खेल प्रतिभा और सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने तजिंदरपाल सिंह तूर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में और बड़ी सफलताएं हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# डॉ टेंभुर्णिकर की बिटिया ने पिता के सपने को किया साकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 27 सितंबर।** डोंगरगढ़ क्षेत्र में सफल चिकित्सक के रूप में स्थापित डॉ. प्रमोद टेंभुर्निकर की सुपुत्री डॉ. अनघा टेंभुर्णिकर ने NEET-PG 2026 की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर 4576 वीं रैंक हासिल कर माता-पिता का सपना साकार किया। साथ ही शासकीय मेडिकल कॉलेज नागपुर में अपनी अलग पहचान बनाई। माता-पिता जिस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आज पर्यंत हर स्तर पर संघर्षरत रहे उसे पूरा होता देख उनसे ज्यादा उनके शुभ चिंतकों व परिजनों में हर्ष व्याप्त है। डॉ. अनघा तेम्भुर्णीकर ने GMC Nagpur, Maharashtra (शासकीय मेडिकल कॉलेज नागपुर) से अपनी चिकित्सा शिक्षा की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए यह उन्लेखनीय सफलता



हासिल की है। उन्होंने माता-पिता को संघर्ष करते देखा, उनसे प्रेरणा लेकर उन्होंने निरंतर मेहनत की, अनुशासित जीवन जिया और लक्ष्य के प्रति दृढ़ता के साथ आगे बढ़कर माता पिता के साथ - साथ धर्मनगरी डोंगरगढ़ का नाम रोशन किया। पिता प्रमोद टेंभुर्णिकर के लिए बेटी की यहां सफलता आज भी एक सपना जैसे लग रही है।

वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान जिस शिद्दत के साथ डॉक्टर टेंभुर्णीकर ने अपनी जान की परवाह किए बिना पीड़ित मरीजों उनके परिजनों की जिस निश्चल भाव से सेवा की, उसकी मिसाल अविस्मरणीय यादों के रूप में आज भी लोगों के जहन में कैद है। इस दौरान जहां पिता - पुत्र,भाई - बहन, पति-पत्नी, माता-पिता सब एक दूसरे से दूर भाग रहे थे। वहां डॉक्टर टेंभुर्णिकर मरीजों की सेवा करने में जुटे हुए थे।जिसका परिणाम, अपने जीवन का महत्वपूर्ण सपना, उन्हें अपने जीवन काल में ही देखने को मिला।

परीक्षा की तैयारी के संबंध में डॉ अनघा टेंभुर्णिकर ने बताया कि,तैयारी के दौरान उन्होंने परिणाम की चिंता करने के बजाय अपनी पढ़ाई और मेहनत पर ध्यान केंद्रित किया। माता-पिता को आदर्श मानने वाली डॉक्टर अनघा का मानना है कि सफलता किसी एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि लगातार किए गए छोटे-छोटे प्रयासों से हासिल होती है।डॉ. अनघा ने आगे कहा कि उनका लक्ष्य पिता की तरह एक सफल चिकित्सक बनकर अपने ज्ञान और चिकित्सकीय सेवाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए सार्थक योगदान देना है। डॉ.अनघा ने आगे कहा है कि मेरी इस सफलता के पीछे निरंतर मेहनत, अनुशासन और अपने लक्ष्य के प्रति विश्वास सबसे महत्वपूर्ण रहा। इस पूरी यात्रा में मेरे माता-पिता का निरंतर सहयोग और आशीर्वाद मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत रहा।

### रफ्तार और जज्बे से प्राची ने बढ़ाया भारत का मान, एशियन गेम्स में जीता कांस्य पदक

**रायपुर, 27 सितंबर।** वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने एशियन गेम्स 2026 की महिला 400 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय एथलीट प्राची को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री चौधरी ने कहा कि प्राची ने अपनी शानदार रफ्तार, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर तिरंगे का मान बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व और हर्ष का अवसर है। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित मंच पर पदक हासिल करना प्राची के निरंतर परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिणाम है। उनकी सफलता देश की युवा खेल प्रतिभाओं, विशेषकर बेटियों को बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

# बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कें-पुल तत्काल सुधारें कहीं भी आवाजाही बाधित न हो : अरुण साव

**रायपुर, 27 सितंबर।** लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल-पुलियों को दुरुस्त करने लोक निर्माण विभाग ने तत्काल कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि क्षतिग्रस्त मार्गों व पुलों की मरम्मत में किसी तरह की देरी न हो और लोगों की आवाजाही कहीं भी प्रभावित न हो। जहां तत्काल सुधार संभव है, वहां संबंधित एजेंसी और ठेकेदार से शीघ्र मरम्मत कराकर यातायात शुरू कराया जाए। ज्यादा नुकसान वाले हिस्सों के पुनर्निर्माण और विशेष मरम्मत के प्रस्ताव भी तेजी से तैयार किए जाएंगे। इसके लिए तत्काल पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रदेश में 24 सितम्बर से 26 सितम्बर तक लगातार हुई बारिश से लगभग सभी नदी-नालों में बाढ़ की स्थिति बनी है और कई स्थानों पर पुल-पुलियों के ऊपर से भी पानी बहा है। पानी उतरने के बाद कई मार्गों और पुल-पुलियों के क्षतिग्रस्त होने की आशंका को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं, अनुविभागीय अधिकारियों और उप अभियंताओं को तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।



लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने सभी मैदानी अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल-पुलियों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नुकसान का तत्काल आकलन कर संभावित राशि की जानकारी अकाउंटेंट जनरल को भेजते हुए सभी संबंधित कार्यालयों को प्रतिलिपि उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने जहां क्षति का सुधार मौजूदा अनुबंध के दायरे में संबंधित एजेंसी या ठेकेदार से कराया जा सकता है, वहां बिना समय गंवाए मरम्मत कराने को कहा है, ताकि यातायात शीघ्र शुरू हो सके। वहीं जिन हिस्सों में पुनर्निर्माण या विशेष मरम्मत की जरूरत है, उनके प्राक्कलन सक्षम अधिकारी को 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने कहा है कि विशेष मरम्मत के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध है।

सड़कों व पुलों के सुधार के लिए प्रत्येक सक्षम अधिकारी को 15 दिनों में एस/आर (एफ्डीआर) की स्वीकृति प्राथमिकता से जारी करने तथा राशि के आबंटन की उपलब्धता के लिए प्रमुख अभियंता कार्यालय को परिक्षेत्रवार एकमुश्त जानकारी भेजने को कहा गया है। संभागों को आवश्यकता के अनुसार एस/आर मद में जोनल एजेंसी निर्धारित करने की जरूरत होने पर इसकी जानकारी भी तत्काल प्रमुख अभियंता कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एफ्डीआर के कारण हुई क्षति का सुधार केवल अस्थायी न हो, बल्कि उसे स्थायी रूप से दुरुस्त किया जाए। जरूरत के अनुसार टो-वॉल और कांक्रीट रोड निर्माण के प्रस्ताव भी भेजे जाएं। पुलों के वियरिंग कांक्रीट और रेलिंग सहित क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत भी शीघ्रता से करने को कहा गया है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के निर्देश के बाद विभाग का जोर बारिश से प्रभावित सड़कों और पुल-पुलियों को जल्द से जल्द सुरक्षित और आवागमन योग्य बनाने पर है। क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार के लिए शासन ने विभागीय अमले को तत्परता और सक्रियता से काम करते हुए मरम्मत और आवश्यक पुनर्निर्माण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

### धमतरी में भारी बारिश से उफान पर नदी-नाले

**रायपुर, 27 सितंबर।** धमतरी जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और जलभराव के बीच जिला प्रशासन, पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने तत्परता और बेहतर समन्वय की मिसाल पेश की है। बाढ़ के पानी में जान जोखिम में डालकर फंसे लोगों को निकालने के लिए चलाए गए संयुक्त रेस्क्यू अभियानों के जरिए दर्जनों नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। कुरुद क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध लोमश ऋषि आश्रम में जलभराव के कारण 9 लोग बाढ़ के पानी के बीच फंस गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीम ने बिना वक्त गंवाए मौके पर पहुंचकर कमान संभाली। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से राहत दल ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी 9 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसी तरह ग्राम नारी (कुरुद) स्थित शराब दुकान परिसर में जलभराव के चलते कई लोग अचानक घिर गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसडीआरएफ रायपुर की विशेष टीम को मौके पर भेजा गया। एसडीआरएफ के जवानों ने उन्नत रेस्क्यू तकनीकों का उपयोग करते हुए फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

## सरकार बाढ़ प्रभावित परिवार की करेगी हरसंभव मदद: राजस्व मंत्री

**रायपुर, 27 सितंबर।** प्रदेशभर में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण कई जिलों में नदियाँ उफान पर हैं, जिससे निचले और तटीय इलाकों में बाढ़ की गंभीर स्थिति निर्मित हो गई है। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नवापारा, सोमवारी बाजार, नेहरू घाट, पारागांव, कुटीपारा, टीला सहित नदी के तट पर बसे अनेक गाँव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बीते 25 वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में ऐसा भीषण जलभराव और तबाही का मंजर कभी देखने को नहीं मिला। नवापारा क्षेत्र में बाढ़ का पानी 8 फीट तक बढ़ जाने से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

क्षेत्र में बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए स्थानीय प्रशासन मुस्तैदी से राहत और बचाव कार्य में जुट गया है। अब तक लगभग 2,000 प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों और प्रशासन द्वारा बनाए गए राहत केंद्रों में स्थानांतरित किया जा चुका है। बाढ़ पीड़ितों को विशेष रूप से बनाए गए सुरक्षित राहत केंद्रों में ठहराया गया है, जहाँ उनके भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

आपदा की इस घड़ी में स्थिति का जायजा लेने राजस्व एवं आपदा मंत्री श्री वर्मा ने आज स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत दौरा किया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुँचकर उनका कुशलक्षेम पूछा और राहत शिविरों में की गई



व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मंत्री श्री वर्मा ने प्रभावितों से सीधा संवाद कर उन्हें ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि राज्य की श्री विष्णु देव साय सरकार इस विपदा की घड़ी में उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

बाढ़ पीड़ितों को त्वरित राहत पहुँचाने के उद्देश्य से तात्कालिक सहायता के रूप में प्रभावितों को 5-5 हजार रुपये के अनुदान चेक वितरित किए गए। जिन परिवारों के मकान इस भीषण बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, उन्हें पुनः निर्माण कराने का स्पष्ट आश्वासन देते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सरकार हर प्रभावित परिवार को हरसंभव मदद प्रदान करेगी।

इस दौरान मंत्री श्री वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बाढ़ से हुए जान-माल, फसलों और मकानों के नुकसान का त्वरित एवं सटीक आंकलन (सर्वेक्षण) किया जाए। उन्होंने घोषणा की कि नुकसान का आंकलन पूरा होते ही राजस्व पुस्तक परिपत्र (त्थ्ब् 6-4) के प्रावधानों के अनुसार सभी प्रभावितों को प्राथमिकता के आधार पर मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा, ताकि लोग जल्द से जल्द अपने जीवन को पुनः सामान्य कर सकें।

### किसी को झूठी आशाएं मत दो:श्रेयांशप्रभ सागर जी

**राजनांदगांव 27 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हम सैकड़ो पेड़ काट देते हैं और केवल कुछ पेड़ ही उगाते हैं और यह भी निश्चित नहीं है कि सभी पेड़ जागृत हों । पेड़,नदी,हवाएं हमको देती ही है बदले में कुछ नहीं मांगती, उल्टे अपनी अपेक्षाओं की वजह से मनुष्य उनका बेहताशा दोहन ही करता है। ऐसी स्थिति में ऑक्सीजन कम तो होगा ही। हम प्रकृति का संतुलन जो बिगाड़ रहे हैं। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी ने फरमाया कि अपेक्षाएं होंगी ,विचार आएंगे लेकिन इन्हें ज्यादा देर टिकने नहीं देना चाहिए। यदि हम अपनी अपेक्षाएं नहीं रोक सकते तो अपेक्षाओं की पूर्ति करना बंद कर दो। हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे को अमुक व्यक्ति से ऐसा व्यवहार मिले। आप अपेक्षा करना बंद कर दें और आगे बड़े किंतु अपेक्षाओं के साथ नहीं बल्कि आशाओं के साथ। अपेक्षा सपोर्ट नहीं करता बल्कि आशाएं सपोर्ट करती है। आशाओं पर भी आश्रित मत रहो। आप किसी पर भी डिपेंड मत हो। मुनि श्री श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि कभी किसी को झूठी आशा मत दो। आप जितना कर सकते हो, उतना ही करो। आपकी इच्छाओं की पूर्ति जहां नहीं हो रही है वहां आप एक पल भी टिकना नहीं चाहते और जहाँ आपकी इच्छाएं पूरी हो रही है,आप वहां से हटना नहीं चाहते। यह तो आपका स्वार्थीपन है। हम अपनी अपेक्षाओं से खुद को नीचा गिराने लगते हैं और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से हिंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि केवल मारना ही हिंसा नहीं होता बल्कि दिल तोड़ना भी हिंसा है। मुनिश्री ने कहा कि हमारी जब भी अपेक्षाएं जागती है तो पेड़ को याद कर लेना चाहिए जो बिना कुछ पाये ही हमें सब कुछ देता है। आप अपना काम करते जाओ आपको सब कुछ अपने आप ही मिलेगा। आप कुछ पाने की कामना मत करो, आपके भाग्य में जो लिखा है वह आपको अपने आप ही मिल जाएगा।

## महापौर ने कौरिनभाठा तालाब के पास पौधारोपण कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 सितंबर।**सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत साफ सफाई के अलावा जन सहभागिता से अन्य गतिविधिया संचालित करने की कडी में महापौर श्री मधुसूदनर यादव ने कौरिनभाठा तालाब के पास वृक्षारोपण कर स्वच्छता एंव पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण में निगम आयुक्त श्री जी.आर.मरकाम, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, पार्षद श्री सेवक राम उईके व श्री दुरेन्द्र साहू एवं वार्डवासियो की सहभागिता रही।

वृक्षारोपण के अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने की नितांत आवश्यक है। तालाब के पास वृक्षारोपण करने से पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने की सार्थकता तभी होगी, जब उसकी नियमित देख भाल की जायेगी। उन्होंने वार्ड पार्षद एवं वार्डवासियो को इसकी सुरक्षा का संकल्प लेने कहा। उन्होने कहा कि जिस प्रकार स्वच्छता बिना जन भागीदारी के संभव नही है, उसी प्रकार पौधारोपण भी देख रेख के बिना सार्थक नही है। आज के इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता में सहभागिता निभाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष लगाकर उसकी रक्षा का संकल्प लेने की अपील की। निगम



आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा शहर में स्थल चयन कर वृक्षारोपण किया जा रहा है। गत वर्ष निगम द्वारा किये गये पौध रोपण का देख-भाल भी कर रहे है, उनमें से अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले रहे है। यह सबके सहयोग से ही संभव है, क्योकि यदि हर व्यक्ति अपने घर एवं संस्थान के सामने लगे वृक्ष की देख-भाल व सुरक्षा करेगा तो हमारा शहर हरा-भरा हो जायेगा।

## खड़ामाचा जंगल में 30 हाथियों का दल, वन विभाग अलर्ट

**रायपुर, 27 सितंबर।** जशपुर जिले के पत्थलगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत खड़ामाचा जंगल में करीब 30 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है और आसपास के ग्रामीणों को लगातार सावधान किया जा रहा है। ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा जंगल क्षेत्र और आवाजाही वाले रास्तों पर 'सावधान, जंगल में हाथी है' लिखे चेतावनी बैनर लगाए गए हैं। इनके माध्यम से ग्रामीणों को हाथियों के दल की मौजूदगी की जानकारी देने के साथ ही जंगल के रास्तों का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी जा रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल एवं संभावित विचरण क्षेत्रों में प्रवेश न करें। हाथियों को देखने के लिए उनके नजदीक जाने, उनका पीछा करने अथवा किसी भी प्रकार का जोखिम उठाने से बचें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। विभाग ने ग्रामीणों से हाथियों की गतिविधियों को देखते हुए पूरी सतर्कता बरतने और वन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। ग्रामीणों की सतर्कता और सहयोग से मानव-हाथी द्वंद्व की संभावित घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी।

### शहर की तासीर के अनुरूप हो विकास की योजना : सोनमणि बोरा

**रायपुर,27 सितंबर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने नई दिल्ली में हुडको द्वारा अर्बन चैलेंज फंड (ष्ट्र) पर आयोजित क्षमता विकास कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों एवं नगरीय निकायों से कार्यशाला में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों से कहा कि शहरों के दीर्घकालिक विकास के लिए बेहतर नियोजन, क्षमता विकास एवं वित्तीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग के साथ विभिन्न योजनाओं के बेहतर समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने शहरों की भावी जरुरतों और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बेहतर नियोजन, संस्थागत क्षमता विकास एवं उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्री सतेंद्र सिंह से नई दिल्ली में भेंट कर राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन, पीएम स्वनिधि, पीएम ई-बस और अर्बन चैलेंज फंड की प्रगति, उनके प्रभावी क्रियान्वयन तथा आगामी रणनीति पर चर्चा की।

न्यायालय तहसीलदार सिमगा
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

क्रमांक/ /तह./वा./26
सिमगा, दिनांक 18/09/2026
रा.प्र.क्र......... अ/6 25-2026
ग्राम - चुटचुटिया प.ह.नं. 14

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पदुम राम टंडन पिता स्व. द्रास दास निवासी चुटचुटिया प.ह.नं. 14 तहसील सिमगा के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109, 110 छ.ग.भू.रा. संहिता के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम चुटचुटिया प.ह. नं. 14 तहसील सिमगा के राजस्व अभिलेख भूमि ख.नं. 748 रकबा 0.070 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दुकलहा पिता कंवल के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। उपरोक्त भूमि वर्तमान ऑनलाईन खसरा वर्ष 2019-20 में स्वामित्व के स्थान पर शासकीय भूमि त्रुटिवश दर्ज हो गया है, इसके पूर्व वर्ष 2012-13 से 2016-17 के बी-1 में भूमिस्वामी दुकलहा पिता कंवल के नाम पर दर्ज रहा है। उपरोक्त भूमि के भूमिस्वामी दुकलहा पिता कंवल की मृत्यु निःसंतान अवस्था में दिनांक 09/07/2011 को ग्राम चुटचुटिया में हो चुका है तथा उनकी पत्नी रामबती पति दुकलहा के मृत्यु पूर्व से हो चुका है। भूमिस्वामी दुकलहा के कोई आल अवलाद नहीं होने से आवेदक को भूमिस्वामी दुकलहा अपने छोटे भाई द्रास के पुत्र आवेदक पदुम राम टंडन को गोद पुत्र के रूप में गोदनामा मे लिये थे तथा अपने जीवन काल में एक इकरारनामा दिनांक 30/04/2010 को गवाहों के समक्ष निष्पादित किया उक्त इकरारनामा के आधार वाद भूमि को आवेदक अपने नाम पर दर्ज कराने का अधिकारी होता है। आवेदक पदुम राम टंडन द्वारा भूमिस्वामी दुकलहा एवं उनकी पत्नी रामबती का देखभाल सेवा जतन चिकित्सा खर्च तथा मृत्योपरांत अंतिम क्रियाकर्म एवं मृत्यु भोज व अन्य कार्य आवेदक के द्वारा ही किया गया। भूमिस्वामी दुकलहा के द्वारा अपने नाम की उपरोक्त संपत्ति को आवेदक के पक्ष में ईकरारनामा निष्पादित कर दिया है। ईकरारनामा के आधार पर उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिकार आवेदक को ही प्राप्त होता है अतएव वसीयतनामा के आधार पर वसीयती संपत्ति को आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ आवेदन पत्र, बी-1, खसरा मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न किया गया। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 07/10/2026 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सिमगा

# जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में पीड़ित परिवार ने उठाए गंभीर सवाल,निष्पक्ष जांच और एफआईआर की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 सितंबर।** जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में प्रसव के दौरान जालबांधा निवासी लगभग 27 वर्षीय माधुरी सिन्हा और उसके नवजात शिशु की मौत का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। घटना से आहत पीड़ित परिवार ने थाना बसंतपुर में आवेदन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं सूक्ष्म जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि माधुरी सिन्हा को प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान गर्भस्थ शिशु की स्थिति गंभीर होने की जानकारी सामने आने के बावजूद परिवार के अनुसार समय पर आवश्यक चिकित्सकीय निर्णय एवं उपचार उपलब्ध नहीं कराया गया। परिवार का कहना है कि प्रसव पीड़ा बढ़ने के बाद भी तत्काल आवश्यक उपचार अथवा ऑपरेशन नहीं किया गया। बाद में माधुरी को ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया, लेकिन कुछ समय बाद परिजनों को जच्चा और बच्चा दोनों की मौत की सूचना दी गई। इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।परिवार का कहना है कि मृतका को पूर्व से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की जानकारी उन्हें नहीं थी। वहीं, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र प्रसाद द्वारा मृत्यु का कारण कथित रूप से हार्ट अटैक बताया गया। इस पर परिवार ने सवाल उठाते हुए कहा है कि यदि मृत्यु हार्ट अटैक के कारण हुई थी, तो मृत्यु के वास्तविक कारण की पुष्टि के लिए विधिवत पोस्टमार्टम कराया जाना चाहिए था।पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया है कि पोस्टमार्टम नहीं कराने के लिए उन पर दबाव बनाया गया तथा कुछ कागजात पर हस्ताक्षर कराए गए। परिवार का कहना है कि वे घटना की वास्तविक परिस्थितियों और मृत्यु के कारणों को जानना चाहते हैं, ताकि किसी निर्दोष व्यक्ति को परेशान करने के बजाय वास्तविक रूप से जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो सके।आवेदन में परिवार ने उपचार के दौरान ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों एवं संबंधित स्टाफ की भूमिका की जांच, मेडिकल रिकॉर्ड, सोनोग्राफी रिपोर्ट, उपचार पर्ची, दवाइयों एवं अन्य चिकित्सकीय दस्तावेजों को सुरक्षित कर जांच में शामिल करने तथा जिलाचिकित्सालय परिसर में उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने की मांग की है।परिवार ने पोस्टमार्टम एवं मेडिकल-लीगल प्रक्रिया से जुड़े पहलुओं की भी जांच कराने का आग्रह किया है। आवेदन में कहा गया है कि यदि जांच में चिकित्सकीय लापरवाही, साक्ष्य छिपाने अथवा मामले को दबाने के प्रयास की पुष्टि होती है, तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।पीड़ित परिवार की मांग है कि जांच किसी दबाव से मुक्त होकर निष्पक्ष तरीके से हो तथा उपलब्ध दस्तावेजों, चिकित्सकीय रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की पूरी सच्चाई सामने लाई जाए।परिवार का कहना है कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि माधुरी और उसके नवजात बच्चे की मौत के वास्तविक कारण सामने लाने तथा भविष्य में किसी अन्य परिवार के साथ ऐसी घटना न हो, इसके लिए है।परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## सेवा सेतु से दूरस्थ अंचल में नागरिक सेवाओं तक पहुंच हुई आसान




**रायपुर, 27 सितंबर।** शासन की डिजिटल पहल सेवा सेतु के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों तक विभिन्न शासकीय सेवाएं अब सरल और सुविधाजनक तरीके से पहुंच रही हैं। डिजिटल व्यवस्था के जरिए आवश्यक प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया आसान होने से ग्रामीणों को शासकीय कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। इसी कड़ी में एलीना कुंवर को सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण-पत्र (अनुसूचित जनजाति) प्रदान किया गया। यह प्रमाण-पत्र सेवा सेतु केंद्र, ग्राम पंचायत नेलसनार के जन सुविधा केंद्र के माध्यम से तैयार किया गया। सेवा सेतु के माध्यम से प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया पूरी होने से हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने में सुविधा हो रही है। डिजिटल माध्यम से सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से ग्रामीण नागरिकों के समय और श्रम की बचत हो रही है तथा शासकीय सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान हो रही है। सेवा सेतु केंद्रों के माध्यम से आय, जाति, निवास, विवाह

# मैं वो दरिया हूं, हर बूंद भंवर है जिसकी तुमने अच्छा ही किया, मुझसे किनारा करके...



पीएम नरेंद्र दामोदर दास मोदी का 76 वां जन्म दिन दिन दिया जला कर मनाया गया, भाजपा शासित राज्यों में होड़ सी लग गई, 2-3 महीने पहले ही पीएम मोदी ने खाड़ी संकट के चलते 10त्न तेल का उपयोग कम करने आव्हान देश की जनता से किया था और इसे राष्ट्र सेवा से जोड़ा था, उसी देश में राज्य की भाजपा सर कारों ने दिया जलाकर लाखों लीटरतेल जला दिया, तर्क था खाड़ी मेंअब वैसा संकट नहीं रहा, यदि ऐसा है तो तेल की क़ीमत देश में कम क्यों नहीं हुईज्..? अब मोदी को खुश करनेदिया जलाने पर चर्चा हो जाए, देश की 140 करोड़ की आबादी में मान लो 80 करोड़ लोगों ने दिया जलाया, मान लो 15 मिली लीटर एकदिये में तेल जलाया गया तो कुल 1.2 करोड़ लीटर तेल जला, ?150 प्रति लीटर के हिसाब से एक घंटे में ही ?180 करोड़ का तेल जला दिया गया, गजब है भाई अंधभक्ति !

### अल्लाह तेरो नाम, ईश्वर तेरो नाम

कुछ सालों से लगातार हिन्दू-मुस्लिम को लेकर तरह-तरह बयानबाजी हो रही है, राममंदिर बनने के बाद अब कृष्णभूमि मुक्त कराने की चर्चा भी शुरू हो चुकी हैं, एक प्रदेश में तो मस्जिद के अवैध कब्जे हटानेजुलुस भी निकल चुका हैभारत में हो क्या रहा है ? एक साहिर लुधियानवी थे, उनका भजन तोरा मन दर्पण कह लाये, अल्लाह तेरो नाम ईश्वर तेरो नाम, मन रे तू काहे ना धीर धरे, गंगा तेरा पानीअमृत, ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम, हे रोम रोम में बसने वाले राम, सूची लंबी है। सबके जिक्र पर पोस्ट लम्बी होगी। ये ऐसे नगमे हैं जो मंदिरों, घरों, यहां तक महाकुंभ में गूंजते हैं।सुने तो मन के आसमान में फूल बरसते हैं। मजे की बात ये साहिर, प्रगति शील नास्तिक थे। एक थे राहीमासूम रज़ा, भाषा की अदायगी विचारों, में जितनी गाजीपुर मिट्टी की गंध थी, उतनी गंगा-जमुना की पवित्रता मह सूस की जा सकती है। महाभारत सीरियललिख सिर्फअमर नहीं हो गये, बल्कि कलम के मजदूरों के लिए कीर्ति मान भी कायम किया। शकील बदायूंनीज्उन्होंने लिखा मन तड़ पत हरिदर्शन कोआज, मधुबन में राधिका नाचे रे, मोहे पनघट पे नंद लाल छेड़ गये रे, इन्साफका मंदिर है, ये भगवान का घर है, भजन संगीत के अन मोल रत्न हैंऔर ज्यादा तर भजनों के गायक हैं.. मोहम्मद रफी, संगीत कार नौशाद, एक जावेद अख्तर, ने लगान फ़िल्म में लिखा मधुबन में जो कन्हैया किसी गोपी से मिले, राधा कैसे न जले, ओ पालन हारे, निर्गुण ओ न्यारे, स्वदेश फ़िल्म में लिखा था राम ही करुणा में हैं, शान्ति में राम हैं, राम ही हैं एकता में, प्रगति में राम हैं, संगी तकार




ए आर रहमान हैं। भारतीय शास्त्रीय संगीत पर नजर डालें अमीर खुसरो से शुरूकर, बड़े गुलाम अली, अब्दुल वाहिद खान, अमीर खाँ, इनायत हुसैन खान, अक बरअली खान, फैयाज खान, अब्दुल करीम खाँ, अल्लारक्खा सुलतान खान, रशीद खान, लंबी सूची है। मुसलमान संगी तज्ञों को हटा दें, तो भार तीय शास्त्रीय संगीत में आधा से ज्यादा इतिहास बचेगा ही नहीं..! ये ही हमारी सांस्कृतिक विरा सत हैं। सबमें यह कॉमन है ये सब मानवतावादी, प्रगतिशील सोच के लोग हैं, कभी जहरीला भाषण नहीं दिया मानवता, शांति इज्जत, भाईचारे की ही वकालत ही की। हिंदु स्तान को हिंदुस्तान बनाया। एक हैं मनोज मुंतशिरज्! कुछ दिन पहले शुक्ला हो गये हैं ! ट्विटर पर जहर उगलते हैं, रामायण पर आधारित फिल्म 'आदि पुरुष' लिखी है। लिखा क्या है वास्तव में कबाड़ा किया हैज्? फिल्म रिलीज होने के बाद से उसे लीप रहे हैं। हनुमान और रावण से ऐसे डायलॉग बोलवाया है किज्..? नफरत की चाशनी में डूबा व्यक्ति, कला का सृजन नहीं कर सकता। सिर्फ समाज में जहर फैला सकता है ?




### बीएसपी लोहा चोरी में 2 बड़े लोग गिरफ्तार

दुर्ग के एसएसपी विजय अग्रवाल की सक्रियत, निर्देश के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र से लोहा चोरी के मामले में कुछ बड़े लोग भी धरे गये हैं। संयंत्र से करीब 250 टन लौहस्क्रैप मामले में चोरी का स्क्रैप खरीद खपाने के आरोप में रायपुर पावर एंड स्टील लिमि टेड रसमड़ा के मैनेजिंग डायरेक्टर विनोद गर्ग, डायरेक्टर संदीप सिंह को गिरफ्तार कियागया, पहले संयंत्र के 2 अफ सर भी गिरफ्तार किये जा चुके हैं। आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। थाना पुरानी भिलाई अंत र्गत 26 मई को




अकलोर डीह खदान पारा स्थित एके ट्रेडर्स से भारी मात्रा में लौह स्क्रैप बरामद किया था। लौह स्क्रैप भिलाई इस्पात से चोरी किया गया। पुलिस के मुताबिक ट्रांसपोर्टर आरोपित संजय सिंह, बीएसपी से चोरी किए गए लौह स्क्रैप को अक लोरडीह स्थित गोदाम में डंप करता था, बाद में स्क्रैप को रसमड़ा, रायपुर इस्पात कंपनी में खपाया जाता था। मामले की विवेचना में पुलिस ने 19 आरोपियों की गिरफ्तारी की थी। प्राप्त जानकारी तथा तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से भिलाई इस्पात संयंत्र से चोरी किए स्क्रैप को रायपुर पावर एंड स्टील लिमि टेड, रसमडा औद्योगिक संस्थान में खपाने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

### और अब बस...

» भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी को भाजपा छ्ग प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है सिद्धार्थ शंभु को राज्य सह प्रभारी बनाया गया है।
» लम्बे समय से छ्ग के संगठन सचिव पवन साय को भी हटाकर झारखण्ड का प्रभार दिया गया है।
» छ्ग कांग्रेस के 20 बागी नेताओं का निष्कासन रद्दः कुकरेजा-डोंगरे समेत कई की वापसी का रास्ता साफ अमित -रेणु जोगी पर अभी फैसला बाकी!
» 17 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान' के तहत आशीर्वाद के दीये' कार्यक्रम में छ्ग में 1.50 करोड़ से ज्यादा दीये जलाए गए!

## एक नजर

### उर्मिला देवी पंचतत्व में विलीन

**रायपुर, 27 सितम्बर।** तरुण छत्तीसगढ़ के महाप्रबंधक नरेन्द्र चौहान की माता जी श्रीमती



उर्मिला चौहान पति स्व. नारायण चौहान की पार्थिव काया का शंकर नगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि नरेन्द्र चौहान ने दी। इससे पूर्व अंतिम यात्रा उनके दुर्गा चौक, राजातालाब स्थित निवास से निकाली गई। वे प्रसिद्ध सूफी गायक पद्मश्री मदन चौहान की भाभी, महेन्द्र व गुलाब की मां, कुंदन की बड़ी मां तथा ऋषभ व जयंत की दादी थीं। अंतिम संस्कार में राजधानी के संगीत प्रेमी, गायक, पत्रकार, राजनीति से जुड़े लोग तथा अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



**रायपुर, 27 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू को ढाई वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई दीं। इस अवसर पर एसोसिएशन के संयोजक जीएस बाम्बरा सचिव बीएस सलूजा, जेएस जब्बल, लखिंदर सिंह चावला, तेजपाल सिंह हंसपाल एवं सुखबीर सिंह सिंघोत्रा उपस्थित थे।

### आँगन उत्सव में गूंजी बच्चों की किलकारी



**रायपुर, 27 सितम्बर।** राष्ट्रीय 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत धरसीवाँ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिलयारी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-06 (बोहरही धाम मंडल) में 'आँगन उत्सव' का भव्य और गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में अजय शुक्ला ने अतिथि के रूप में शिरकत की। इस गरिमामय कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'न्योता भोज' रहा, जिस अंजय शुक्ला ने बेहद आत्मीयता दिखाते हुए स्वयं अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा। बच्चों के बीच बैठकर उनसे बातचीत करते हुए उन्हें दुलार किया और भोजन कराया। श्रीं शुक्ला को को अपने इतने करीब पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और यह पल पूरे आयोजन का सबसे खूबसूरत दृश्य बन गया।

## सदर बाजार के 10 जर्जर मकानों को खाली करने निगम का नोटिस



**रायपुर, 27 सितम्बर।** नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने शहर में 28 सितंबर को गणेश मूर्ति विसर्जन झांकी निकलने वाले रास्तों का निरीक्षण किया. इस दौरान फूलचौक से सदरबाजार के जर्जर घोषित 15 मकानों को उन्होंने जॉइन्ट टीम के साथ देखा. अधिकारियों ने मालिकों के नाम का नोटिस जर्जर मकानों पर चस्पा किया.

झांकी वाले दिन जर्जर मकानों को खाली करके ताला लगाने और किसी दर्शनार्थी को मकान के ऊपर चढ़ने नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं. इस संबंध में नगर निगम की ओर से सुरक्षा को आधार बनाकर बिन्दुवार दिशा निर्देश मकान मालिकों को जारी किए गए हैं. महापौर ने पुलिस अधिकारियों को जर्जर भवन के भवन स्वामियों द्वारा जर्जर भवन के स्थान पर अन्यत्र तीन दिन के लिए जाते ही उनके निजी जर्जर भवन के सामने बैरिकेट्स लगवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि झांकी देखने आया कोई भी नागरिक वहां खड़े ना हो और सुरक्षित रहे. महापौर ने सदर बाजार में गणेश विसर्जन झांकी के रूट का सदर बाजार में निरीक्षण करने के दौरान नगर निगम रायपुर के लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, जोन 4 कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, जोन 4, नगर निवेश विभाग के अन्य सम्बंधित अधिकारियों सहित सम्बंधित पुलिस थाना के अधिकारीगणों की उपस्थिति रही.

## इन्दुभवानन्द महाराज की सीमा उल्लंघन यात्रा निकली

**रायपुर, 27 सितम्बर।** जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम के दण्डी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के द्वितीय चातुर्मास व्रत उपरांत सीमा उल्लंघन यात्रा शनिवार को राजधानी रायपुर के विभिन्न मार्गों से होते हुए माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम पहुँची। आनंद वन आश्रम में श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच आचार्य धर्मेंद्र, महेंद्र, व दीपक तिवारी ने पादुका पूजन पूर्ण कराया। यात्रा के आश्रम पहुंचने पर गुरु परिवार एवं श्रद्धालुओं द्वारा दण्डी स्वामी महाराज का श्रद्धापूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। यह जानकारी देते हुए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया कि शनिवार को भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुन्दरी ललिता प्रेमाम्बा के विधिवत पूजन के उपरांत द्वितीय चातुर्मास व्रत की सीमा उल्लंघन यात्रा राजधानी के विभिन्न मार्गों पचपेड़ी नाका, पुरानी बस्ती, लाखे नगर, टाटीबंध से होते हुए माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम पहुँची।स्थान स्थान पर उनका भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया।



## जेम पोर्टल के माध्यम से सरकारी धन की लूट : कांग्रेस

**रायपुर, 27 सितम्बर।** सरकारी खरीदी का पोर्टल जेम भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जेम पोर्टल से की गई सभी खरीदी की जांच होनी चाहिए। सरकार में बैठे हुये प्रभावशाली लोग जेम पोर्टल के माध्यम में



अनाप शनाप भाव में सरकारी सप्लाई का ठेका अपने चहेतो को दिला कर कमीशनखोरी कर रहे है। जेम पोर्टल के माध्यम से सरकारी धन की लूट मची है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय सीएसआईडीसी के माध्यम से हो रही खरीदी को भाजपा सरकार बनने के बाद इसी लिए बंद किया गया था ताकि भ्रष्टाचार किया जा सके और राज्य के बाहर के सप्लायरों से कमीशन ले कर खरीदी की जाय।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जेम पोर्टल के माध्यम से अब तक जितनी खरीदी हुई है इस पूरी खरीदी की जांच की जानी चाहिये। जेम पोर्टल की खरीदी में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। स्थानीय व्यापारियों की अनदेखी हुई है, पोर्टल से हुई अधिकांश खरीदी राज्य के बाहर के सप्लायरों से हुई है। इसी जेम पोर्टल से 300 का जग 32000 में खरीदा गया है। 1 लाख की टी.वी 10 लाख में, 60 हजार की रोटी मेकर मशीन 8 लाख में खरीदी गयी। 1539 का ट्रेक सूट 2499 में खरीदा गया।

यह है जेम पोर्टल का कमाल सरकार में बैठे हुये लोग जेम पोर्टल के माध्यम से राज्य के खजाने पर डाका डाल रहे है। आठ लाख की रोटी खरीदी मामले में लीपापोती करने में पूरी सरकार जुटी है जबकि इस मामले में अभी तक एफआईआर हो जाना था।

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज रात 8 बजे नेता प्रतिपक्ष निवास कार्यालय सी 05 शांति नगर रायपुर में आहूत की गयी है। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस नवनियुक्त प्रभारी मान. सुखदेव भगत छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस विधायकगण उपस्थित होंगे।

## नवरात्रि और रास गरबा उत्सव के लिए भूमिपूजन




**रायपुर, 27 सितम्बर।** राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बी.टी.आई. ग्राउंड में इस वर्ष संकल्प नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव समिति द्वारा भव्य नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों का शुभारंभ आज विधि.विधान एवं पूजा.अर्चना के साथ भूमिपूजन कर किया गया। समिति के संयोजक एवं छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस उत्सव में मां दुर्गा की आराधना के साथ पारंपरिक रास गरबा का आयोजन किया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर समिति के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। भूमिपूजन के साथ ही बी.टी.आई. ग्राउंड में होने वाले नवरात्रि उत्सव की तैयारियों का औपचारिक रूप से शुभारंभ हो गया है। आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए समिति द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। श्रद्धालुओं एवं गरबा प्रेमियों की सुविधाए कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित अन्य आवश्यक तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## मुंगेली में कैट की नई कार्यकारिणी

**रायपुर, 27 सितम्बर।** कैट के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज की उपस्थिति में मुंगेली में कैट की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मुंगेली इकाई की नवनियुक्त कार्यकारिणी प्रदेश उपाध्यक्षः- राजकुमार आर्तानी, तुलजाराम लेडवानी, प्रदेश मंत्रीः- जीवन मंगलानी, रितेश वाधवा, संरक्षकः- जेमल कोटडिया, कांता गोवर्धन, चेयरमेनः- प्रवीण वैष्णव, स्वतंत्र मिश्रा, रणजीत सिंह, वाइस चेयरमेनः- जगदीश देवांगन, सलाहकारः- सागर सोलंकी (प्रवक्ता), अभिषेक सोनी, अनूप जैन, देव गोस्वामी, अध्यक्षः- अरविंद केशरवानी, उपाध्यक्षः- सुदीप ताम्रकार, कौस्तुभ गोवर्धन, महामंत्रीः- धनंजय सोनी, कोषाध्यक्षः- राजेश जैन, सह-कोषाध्यक्षः- संतोष सोनी, अभिषेक जैन, मीडिया प्रभारीः- अक्षत सिंह, कार्यकारिणी सदस्यः- ब्रजराज सिंह, अभिषेक गुप्ता, सचिन, मोनी चक्रधारी।






## शिक्षा विभाग में 6, 812 पदों पर भर्ती से युवाओं को मिलेगा रोजगार : शताब्दी

**रायपुर, 27 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पाण्डे ने राज्य के शासकीय और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कुल 6, 812 शिक्षक पदों पर शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया को प्रदेश के युवाओं के लिए बड़ा अवसर बताया है। पाण्डे ने कहा कि यह भर्ती न केवल रोजगार सृजन की दिशा में ठोस कदम है, बल्कि पूरी चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध बनाया गया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पाण्डे ने शनिवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि कुल विज्ञापित पदों में से 5, 000 पद शासकीय स्कूलों में नियमित पदों के रूप में भरे जाएंगे, जो अभ्यर्थियों को सुरक्षित और दीर्घकालिक करियर प्रदान करेंगे। वहीं, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में 1, 812 संविदा पदों पर नियुक्तियाँ की जा रही हैं। नियमित पदों के लिए परीक्षा का जिम्मा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक



परीक्षा मंडल (व्यापमं) को सौंपा गया है। जिला स्तर पर पूर्व में होने वाले विवादों और देरी को समाप्त करने के लिए राज्य स्तर पर केंद्रीकृत ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पैटर्न अपनाया गया है, जिससे परिणाम त्वरित और विवादरहित आ सकेंगे। पाण्डे ने कहा कि परीक्षा कार्यक्रम पूरी तरह स्पष्ट और पूर्व-घोषित है। सहायक शिक्षक पद की लिखित परीक्षा 11 अक्टूबर 2026 और शिक्षक पद की परीक्षा 25 अक्टूबर 2026 को होगी। उच्च माध्यमिक स्तर के व्याख्याता पदों के लिए 29 नवंबर 2026 की तिथि तय की गई है, जिसके लिए जल्द ही नए आवेदन भी आमंत्रित किए जाएंगे। भर्ती में सहायक शिक्षक के 2, 292 पद, शिक्षक के 1, 654 पद, व्याख्याता के 854 पद तथा सहायक शिक्षक विज्ञान/प्रयोगशाला के 200 पद शामिल हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पाण्डे ने कहा कि आदिवासी और दूरस्थ अंचलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए नियमित पदों में से 2, 773 पद ट्राइबल (टी) संवर्ग और 2, 227 पद शैक्षणिक (ई) संवर्ग के लिए निर्धारित किए गए हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26